विभिन्न प्रदेशों में लोकसंगीत के स्वरूप :– विशिष्ट संस्कृति से संबंधित वातावरण के कारण प्रत्येक प्रदेश में भिन्नता दिखाई पड़ती है तथा भारत में कई तरह के लोकगीत प्राप्त होने का यही एकमात्र कारण है। रविंद्रनाथ टैगोर के अनुसार 'संस्कृति का मुखर संदेश ले जाने वाली कला है लोकसंगीत।' लोकगीतों में विशिष्ट प्रदेशों के, प्रांतों की संस्कृति की छवी दिखाई पड़ती है। वहाँ के लोगों की बोलचाल, उनका व्यवहार, उनकी मानसिकता, उनका सर्वसाधारण व्यवसाय, उनकी आय, उनके आचार–विचार के विषय में सहज ही अंदाज वहीं के लोकगीतों से लगाया जा सकता है। लोकगीत यह भावनाओं को व्यक्त करने की प्रचंड उर्मी, इच्छा से निर्माण होता है। यह लोकगीत संपूर्ण समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं। लोकगीत यह युगों से चले आ रहे संस्कृति के परिचारक होते हैं। हृदय के वह साक्षात भाव शब्द–सूरों के माध्यम से हमारे सामने सगुणता लिए उपस्थित होता है तथा हमें भी उसमें समाहित करने की शक्ति रखता है। आत्मिक सौंदर्य को प्रदीप्त कर कार्य करने की प्रेरणा केवल लोकगीत ही दे सकते हैं। लोकगीत यह जीवन के सभी अंगों को स्पर्श करने वाला होता है। किसी भी वर्ग विशेष के सांस्कृतिक इतिहास का ज्ञान उसकी प्रथाओं, लोकविधाओं और गीतों का संकलित कर सहज ही लगाया जा सकता है। अपरिवर्तनीय रूप से जनसमुदाय के पास यह अमूर्त संस्कृति महान संपदा है, जिसकी झलक उनके त्योहारों और उत्सवों पर पाई जा सकती है। विश्व का कोई भी देश इसका अपवाद नहीं है।

एक प्रसिद्ध लोकोक्ति के अनुसार 'कोस कोस पे पानी बदले, चार कोस पे वाणी'। तात्पर्य यह है कि हर दो मील के अंतराल पर पानी का स्वाद परिवर्तित हो जाता है तथा आठ मील पर भाषा में परिवर्तन पाया जाता है। जिस प्रकार यह कहावत भाषा की भिन्नता दर्शाती है उसी प्रकार हमारे भारत में भी प्रदेशों के हिसाब से संस्कृति पर आधारित लोकगीतों में विभिन्नता दिखाई पड़ती है। भारत विशाल देश होने के

Coordinator, IQAC
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara.

Scanned with CamScanner

नाते विभिन्न बहुमूल्य लोक गीतों से भरा पड़ा है, ये गीत इस विशाल क्षेत्र पर बसे विभिन्न संप्रदायों की संस्कृति को प्रदर्शित करते है। भारतीय लोकगीत पौराणिक और परंपरागत कथाओं से गुंथे हुए है जिस कारण इनकी मान्यता सर्वव्यापक है। पीढ़ी दर पीढ़ी ये लोकगीत विरासत में मिलते है।

हिमाचल प्रदेश के लोकगीत पंजाबऔर हरियाणा के लोकगीतों से सर्वथा भिन्न है। हीर–राँझा, शीरी–फरहाद, लैला–मजनुँ की प्रेम कहानियाँ व परंपराएँ अभी भी दूरवर्ती पंजाब के लोगों के होंठों पर पाई जा सकती है। पंजाब के लोकगीतों में छडा, टप्पे का स्थान विशेष है। इन गीतों की संगत नृत्य व संगीत से होती है। राजस्थान का लोकनृत्य अभी भी वही अनुभूति और शौर्य प्रदान कर रहे हैं जो मुसीबत के समय राजपूतों और उनके स्त्रियों द्वारा दिखाए गए थे। राजस्थान के लोकगीतप्राय: साहसी और वीर रस प्रधान होते है। बानडा, गणगौर, लालर, माछर, घूमर के गीत, पटेल्या, बिछियों, गोरबंद, पणिहारी, पीपली, केवडी आदि लोकगीत राजस्थान में प्रसिद्ध है।

ऐसा व्यक्ति जो भगवान कृष्ण और राधा तथा गोपियों के बारे में जानने की रूची रखता है, वह उत्तरप्रदेश की यात्रा द्वारा खासकर ब्रजभूमि जहाँ रास, भ्रमर गीत, सोहर गीत, नकटा, निखाडी, तितिरा, गारी, लोरिया, बनरा, पंवारे, आल्हा, चनैनी, धिरवी, फागे, याद भडुरी, धुबयाऊ, ऋतु गीतों के अंतर्गत सैरे, राछरे, बिलवारी, दिवरी जैसे लोकगीत गाए जाते है। समय समय पर मुख्य रूप से होली, दिवाली, दशहरा और रक्षाबंधन आदि त्यौहारों पर इनकी निराली छटा को सुना जा सकता है।

महाराष्ट्र में पोवाडा, लावणी, अंगाई गीत, जोगवा, मंगलाष्टक, गोंधळ, ओव्या, विहीण, फुगडी, झिम्मा, कोळी गीत, आदिवासी गीत वहाँ की संस्कृति के दर्शन कराती है। वहीं गुजरात में हालरडा, रासगीत, गरबा, बाल कुटकणा इनके अलावा परमाती नाम का प्रकार ग्रामीण भागों में अत्यधिक प्रसिद्ध है जोकि रंगबिरंगी दुनिया से परिचय कराती है।

दक्षिण की तरफ जाने पर आप दक्षिण भारतीय लोक गीतों जैसे वनीपट्टु ललि, विल्लुपट्टु आदि लोकगीतों के संपर्क में आएंगे यदि आप इन्हें नहीं समझ पाते फिर भी निश्चित रूप से आप उनकी मिठी स्वर लहरी का आनंद उठा सकते हैं।उड़ीसा में टिंडा–भोंडा यह प्रकार मुख्य है और बिहार, असम और नागालैंड के भीतर हिस्सों के लोकगीतों की मधुरता झलकती है।

भारतीय संस्कृति इन विभिन्न प्रदेशों के लोकगीतों में बसे साकार स्वरूप के दर्शन व उनकी सूक्ष्म अर्न्तात्मा को पहचाना व देखा जा सकता है। अप्रविण व्यक्ति भी इनकी सादगी, भोलापन और माधुर्य को समझ सकते हैं, जो विभिन्न दृष्टिकोणों से समरूपता को लिए हुए है। २६ जनवरी की गणतंत्र दिवस परेड में पूर्णतया लोकगीतों की शोभा कोसहज ही अनुभव कियाजा सकता है। लोकसंगीत की कुछ विशेषताओं में परंपरागतता, सामूहिकता, मौखिकता, संमिश्र प्रेरणा, अनादि अनंतता, राष्ट्रीयत्व का आविष्कार वाद्यसंगीत का अभाव, विकार–विरोध व विकार क्षमता, राष्ट्रीय आविष्कार, भौगोलिक विशेषता, स्थलांतर क्षमता, प्रमुख रूप से माने जाता है।

लोकगीतों की सांगीतिक विशेषता :– साधरणत: लोकधुन चार पाँच स्वरों में सीमित होती है। कुछ ही धुनों में छह स्वर मिलते है जिनकी संख्या निश्चित ही बहुत कम है।लोकधुनोंके स्वर समय के अनुरूप होते है। प्रात:काल, मध्यान्ह, सायंकाल, और रात्रि के प्रसंगानुसार.लोकधुनों में स्वरों का चयन किया जाता था जबकि तब संगीत का शास्त्र नहीं बना था फिर भी स्वरों की शक्ति से तो उस समय परिचय तथा अनुभव रहा ही होगा यही स्पष्ट होता है।लोकधुनों की स्वररचना प्रसंगानुरूप भी होती है। उन स्वरों के प्रसंग के अनुरूप भाव व्यक्त होता है। उदाहरण स्वरूप मध्यभारत के गाँवों की ओर कहीं कहीं बली का आयोजन किया जाता है। उस समय जो धुनें गायी जाती है उसकी स्वररचना में विभत्स भावों का संचार होता है। इसके अलावा झुले की धुनों में झुले के दोलन बहुत स्पष्ट और मार्मिक प्रतीत होते है। संगीत के सात्विक भाव

Coordinator, IQAC
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara.

का निदर्शन लोकसंगीत के स्वरों द्वारा भलीभाँति किया जा सकता है। लोकसंगीत को सहज संगीत भी कहा जा सकता है क्योंकि यह अनुकरण मात्र से ही सीखा जा सकता है। किसी भी प्रकार का शास्त्रीय बंधन व नियम न रहने के कारण यह जनसाधारण के लिए भी सुलभ है।

लोकजीवन का सुंदर प्रतिबिंब लोकसंगीत मे दिखाई पडता है। उसमें लोकजीवन का सरल सा परिचय होता है। वे व्यक्ति के बाह्य जीवन के साथ साथ उसके मानसिक भावों के भी परिचायक होते है। परंतु उनमें सूक्ष्मता की अपेक्षा स्थूलता और स्पष्टता का अधिक महत्व होता है। लोकगीत संक्षिप्त, सरल, स्पष्ट, स्वाभाविक, सुंदर, अनुभूतिमय और संगीतमय होते है। शायदही ऐसा कोई लोक गीत हो जो संगीत से अनुप्राणित न हो। लोकसंगीत का संगीत भी लोकजीवन का उतना ही सफल परिचायक है जितनीकी उसकी कविता।

लोकसंगीत को भले ही मनोरंजन का साधन माना जाता हो पर उसके गीतों के द्वारा सामाजिक स्थिति, रीति रिवाज, सभ्यता–संस्कृति की झलक मिलती है। इस प्रकार लोकसंगीत ज्ञानवर्धन में भी सहायक है। लोकसंगीत विभिन्न भाषाओं और विभिन्न स्थानों के आधार पर भी पृथक–पृथक नाम व रूप धारण कर लेता है। यथा मिर्जापुर में कजरी, मारवाड़ में मॉड, पूर्वी उत्तरप्रदेश में बिदेसिया, बिहुला आदि बहुत प्रचार में है।लोकसंगीत के अंतर्गत् ढोलक के गीत, प्राँतों में प्रचलित गीत, गाँवों में विशेष अवसर पर गाए जाने वाले गीत, आल्हा, भजन, फिल्मी गीत, गजल, कव्वाली, दादरा, होरी, विरहा, बारहमासा आदि अनेक प्रकार के गीत आ जाते है। पूरे भारतवर्ष में प्रचलित लोकसंगीत की सूची ही अनेक पृष्ठ भर देगी। विवाह,पुत्र–जन्म आदि उत्सवों में गाए जाने वाले गीत आजकल प्रचार में तो है, पर फैशन के रूख को देखते हुए ऐसा प्रतित होता है कि इनका अस्तित्व अगर भविष्य में रहेगा भी तो कम से कम वर्तमान रूप में नहीं रहेगा। पाश्चात्य सभ्यता के प्रकाश में जिनकी दृष्टि सकारात्मक हो सकी है उन्हें इस प्रकार के गीतों को अपने मूल स्वरूप में अपनाना अपना अपमान प्रतीत होता है वहीं आधुनिक जामा पहना दिए जाने पर उनके आकर्षण का केंद्र बन जाता है।

लोकसंगीत : शास्त्रीय संगीत की जननी लोकसंगीत ने अनेक दृष्टि से रागसंगीत अर्थात् शास्त्रीय संगत को पल्लवित किया है। नाटयसंगीत, ठुमरी, कजरी, बारहमासा आदि उपशास्त्रीय संगीत के प्रकार तथा भिन्न भिन्न धुन यह लोकसंगीत की ही देन है। लोकसंगीत के कुछ विषयों को रागसंगीत ने अपनाया है। शास्त्रीय संगीत की नींव हम लोकसंगीत में देख सकते है।

निष्कर्षत : हम पाते हैं कि भारत लोकगीतों के क्षेत्र का धनी है तथा इस कला का प्रसार दूसरे देशों में भी कर रहा है। विश्व स्तर पर अनेक देशों में सांस्कृतिक राजदूत विश्व को भारत के इस संचित धन से अवगत कराने तथा विश्व में आध्यात्मिक उत्थान और मनोरंजक उपलब्धियों की प्राप्ति में लोक गीतों के आदान–प्रदान के लिए एक दूसरे को प्रोत्साहित करने के कार्य में राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय रहें है, क्योंकि मनोरंजक होने के अलावा लोकगीत यह संगीत की आधारशिला होने के साथ ही शिक्षाप्रद भी है। वे आनंद के साथ शिक्षा और शिक्षा के साथ आनंद प्रदान करते है। इस बातको केंद्रित रख कर लोकगीतों का भारतीय युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों में सम्मिलित करना उनके जीवन की खुशहाली व सजीवता का प्रतीक होगा। यदि हमारा जनतंत्र राज्य शासन लोकसंगीत के सभी अंगों के विकास का एक ऐसा अनुशीलन प्रधान इतिहास निर्मित हो जाए, जिससे समस्त मानव जाति को प्रेरणा और लोकोत्तर आनंद प्राप्त हो सकेगा।

सामाजिकता को जिंदा रखने के लिए लोकगीतों, लोकसंस्कृतियों का सहेजा जाना बहुत जरूरी है। कहा जाता है कि जिस समाज में लोकगीत नहीं होते वहां का वातावरण कुछ शुष्क सा महसूस होता है। आज आधुनिकता, तकनिकी विकास के कारणहाथ चक्की के स्थान पर इलेक्ट्रोनिक चक्की, कुएं से पानी खींचने के स्थान पर विद्युत

Coordinator, IQAC
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara.

Scanned with CamScanner

पथ का उपयोग, बैलगाडी के स्थान पर मोटरगाडी, हल के स्थान पर ट्रेक्टर जैसे अन्य कई तकनीकि अविष्कारो से जहां मानव जीवन में सहजता भी वह अब धुमिल पड चुकी है। सामाजिक रचना के परिवर्तन ने, आधुनिकता की दौड़ ने विभक्त परिवारों के निर्माण मे सहयोग दिया है जिससे लोकगीतों की मौखिक परंपरा धुमिल पडती दिखाई पड रही है। शादी, जन्मदिन इत्यादि अवसरों पर वाद्यवृंद, डी. जे.आकेस्ट्रा आदि ने अपना स्थान बना लिया है जिस वजह से जीवन में नीरसता, तनाव, अनेक व्याधियो की पकड़ समाज में बढ़ रही है। तकनिकी का प्रादुर्भाव तो हो रहा है साथ ही लोक कला, लोकसंस्कृति यह विलुप्त होते जा रही है। इस भुमंडलीकरण, वैश्वीकरण की आँधी में हमने अपनी कलाओं को तहसनहस कर दिया है। हमारी संस्कृति अब आज की आधुनिक पीढ़ी को अनुपयोगी / बेकार सी जान पड़ने लगी है। इस विषय पर कुछ संस्थाएं लोकसंगीत की जीवंतता बनाए रखने के लिए अग्रसर हो रही है जिनके सक्रिय प्रयासो द्वारा लोकगीतो को सहेजने का काम चल रहा है। तमाम लोकगीतों को संग्रहित कर प्रकाशित करने के कार्य में भी अग्रसर है। संस्था महत्वपूर्ण कलाकारों के अन्वेषण में भी लगी हुई है और उसने महत्वपूर्ण कलाकारों की खोज भी की है।

डॉ. राजेंद्र प्रसाद के विचारानुसार आधुनिक जीवन को सुंदर, समृद्ध और सुसंपन्न बनाने में लोकसंगीत ही प्रभावपूर्ण रूप से सहायक सिद्ध होगा।लोकसंगीत यह भारतीय संगीत की अमूल्य निधि है। चूंकि हमारी इस लोकसंगीत रूपी सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने संवारने एवं संरक्षित रखने के लिए इससे जुड़े कलाकारों एवं उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए सरकारी यंत्रणा हमारे आधुनिक प्रचार–प्रसार माध्यम भरकस प्रयत्नशील है फिर भी अंतर्मन के किसी कोने से यह आवाज उठती है कि हमारे यह प्रयास कुछ कम पड़ रहें है। जन साधारण की ओर से भी आकर्षण बढ़ना चाहिए जिससे इस अनमोल धरा से जुडे रहे।

संदर्भ ग्रंथ :

१.लोकसंगीत अंक, संगीत कार्यालय, हाथरस
२.संगीत निबंध माला – पं. जगदीश नारायण पाठक
३. संगीत शास्त्र विज्ञान भाग २ -- डॉ. सुनेना बिडकर
४. संगीत निबन्धावली – किरण खटके
५. https://hi.m.wikipedia.org



Coordinator, IQAC
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara.

19-20

367

१५)	ललित कला [illegible] संगीत कला	– गिरीश चंद्रिकापुरे नागपुर	३९–४०
१६)	"भारत में कला संस्कृति और [illegible] कला के धार्मिक [illegible]"	– डॉ. करिश्मा कांबे नागपुर	४१–४६
१७)	रचनाओं का [illegible] (संदर्भ–नंददास)	– डॉ. सुनील कुमार तिवारी भागलपुर	४७–५४
18)	रागांग प्रणाली [illegible] संगीत में [illegible]	– प्रा. डॉ. श्वेता वेगड भंडारा	५५–५८
19)	वैश्विकीकरण [illegible]	– प्रा. डॉ. अस्मिता नानोटी भंडारा	५९–६३
20)	Noor	– Sunil Kumar Navin Katol	६४–६९
21)	प्रेमचंद की कथा – [illegible] बड़े घर की बेटी [illegible] प्रसंगिकता	– डॉ.संयुक्ता थोरात नागपुर	७०–७३
22)	तमाशा लोककलेत [illegible]	– प्रा. जगन्नाथ के. इंगोले अमरावती	७४–७६
23)	Philosophical [illegible] trasant Prayers for [illegible] Integration	–Prof. Bhavik Maniyar Bharsingi	७७–७९
24)	संगीत : एक [illegible]	– डॉ. रोज़ी श्रीवास्तव बीकानेर।	८०–८३

Coordinator, IQAC
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara.

CS Scanned with CamScanner

रागांग प्रणाली तथा उसका उत्तर भारतीय संगीत में महत्व

प्रा. डॉ. श्वेता दी. बेगड
संगीत विभाग,
श्रीमती रेवाबेन मनोहरभाई पटेल
महिला कलाविद्यालय,
भंडारा, महाराष्ट्र.
swetabegad@gmail.com



रागांग प्रणाली :– राग और अंग इन दो शब्दों को मिलाकर रागांग बना है। राग का वह आवश्यक अंश अथवा खंड जो राग के स्वरूप का निर्माण करे, रागांग कहलाता है। कुछ प्रमुख रागों मे ऐसे स्वरसमूह होते है जिनसे उनकी स्वतंत्र छवि बनती है, ऐसी ही रागांग छवि बनाने वाले स्वरसमूह रागांग कहलाते है और इसका अंग वाले राग 'रागांग प्रमुख राग' माने जाते है। जिस प्रकार लोकोक्तियाँ एव मुहावरे भाषा की सुंदरता बढ़ाती है, उसी प्रकार रागांग राग परिचय के साथ ही रंजकता बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होते है।

"रागांग से तात्पर्य ऐसे विशिष्ट स्वर समूह से है जो राग को विशिष्ट व्यक्तित्व प्रदान करता है और यह अन्य रागों में दुहराया जाकर, नए–नए राग रूपों को जन्म देता है तथा राग पहचान में भी सहायक सिद्ध होता है।"

अंग का अर्थ राग की प्रमुख स्वरावली से है जो प्रमुख होने वाली विशिष्ट स्वर संगति से होता है। विमलाकांत राय चौधरी अंग के विषय में कहते है इसका शब्दार्थ है अवयव या भाग। इसका अर्थ पूर्वांग अथवा उत्तरांग भी हो सकता है अथवा इसका अर्थ भिन्न राग की छाया भी हो सकता है जैसे राग गौरी का एक प्रकार मे राग ललित अंग का प्रयोग किया जाता है। यानी गौरी इस प्रकार में राग ललित की छाया मिलती है। अंग का शब्दकोशीय अर्थ है। अंग शब्द को राग का महत्व, अंश,आवश्यक तत्व अथवा अवयव मानना चाहिए। यह महत्वपूर्ण रागांग विशिष्ट रागों के समूह में सम्मिलित होकर उस राग समूह का प्रमुख पहचान बना देता है। डॉ. श्रीमती कृष्णा बिष्ट अपने शोध मे कहती है "Just as idiom and not the grammer make

Langauge so also it is the anga and not merely the scale of a Raga that is its distinguishing feature."

रागांग प्रणाली का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य:–

विशिष्ट स्वर समूह के माध्यम से रागांग की परिपाटी बहुत प्राचीन है। क्रियाकुशल मुनियों के द्वारा अंग सारंगादि अंगों की चर्चा गुरू परंपरा से चली आ रही है।

गान अर्थात् रागों की गायन विधि। रागांग में राग के अंग स्वरूप स्वरसमूह एवं रागों का चलन भी निर्धारित होता है। इसके अंतर्गत रागों की चंचलता, संगीतात्मक अलंकृति व विलंबित लय में स्वरों का प्रयोग भी सम्मिलित है। एक समान स्वरों का आरोह–आवरोह और पर भी, संवादी व न्यास स्वर के परिवर्तन से नए रागों का जन्म होता है। अधिकांशत: इनका प्रतिरूप प्राचीन ग्रंथों में उपलब्ध है। स्थाय वह छोटे–छोटे स्वर समूह है जिनसे आलाप की रंजकता में वृद्धि होती है। मुख्य स्थाय, वादी स्वर या वादी स्वर के तथा इनमें संवादी का प्रयोग किया जाता है। स्वरों के चलन (गति) क्रम, अल्प प्रयोग, मंद्र, मध्य, तार सप्तक तीनों के स्वरों का एक साथ व्यवहार, स्वरों को चक्राकार में लेना, खटका व्यवहार, कटे–कटे स्वरों का प्रयोग, मींड युक्त स्वरों का प्रयोग आदि कई प्रकार के नियमों के अनुसार निर्मित स्थाय रागों के स्वरूप के निर्धारित किया जाता है।

इसके अलावा देशी रागों को रागांग, भाषांग, उपांग इन चार वर्गों मे विभाजित करने का प्रयास रागांग के काल में भी प्राप्त होता है। इसका उल्लेख टीकाकार श्री सिंहभूपाल और श्री

Coordinator, IQAC
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara.

Scanned with CamScanner

कल्लिनाथ दोनो ने मुख्य मेल से इस संदर्भ में मतांग मत का उल्लेख [illegible] अनुसार ;

उक्तानां [illegible]

गीतांगै: कथितः सर्वो रागांगसंज्ञक देशजा ॥

अर्थात् संगीतज्ञों के कथनानुसार जिन रागों में ग्राम रागों की छाया [illegible] से कहे जाते है। रागों को छाया [illegible] है, जिसके श्रवण से रागमर्मज्ञ [illegible] है कि इस स्वरसमूह मे अमुक [illegible] है, को लाया है। मध्य काल मे [illegible] अधिक विस्तार हुआ। संगीत [illegible] के अनेक भेदों में इस सिद्धान्त [illegible] है। आगे चलकर पंडित भा[illegible] के रूप में इसका उल्लेख [illegible], कल्याण आदि १८ भेदों मे [illegible] होते है। [illegible] वर्गीकरण [illegible] अंतर्गत रागों को वर्गीकृत किये [illegible] ई देता है। कुछ विद्वानों के [illegible] पद्धति को प्रयोग मे लाने का [illegible] र पलुस्कर के [illegible] स्व. ना[illegible] ''[illegible] रागांग प्रपा[illegible] इस [illegible] लिखित तीन प्रकारों को समझ[illegible]

१. [illegible] राग :- [illegible] विस्तार में वादी, संवादी, अ[illegible] आदि [illegible] यथासंभव धारण होता हो, [illegible]

२. रागांग राग :- [illegible] स्वतंत्र [illegible] विशिष्ट स्वर समूह, जिसके [illegible] राग से [illegible] उद्घाटित होता है, रागांग [illegible]

३. [illegible] राग :- [illegible] त्र राग के [illegible] उस स्वतंत्र राग [illegible] के अंगभूत राग [illegible]

[illegible] भातखंडे [illegible] और [illegible] शर्मा आदि ने रागों का [illegible] प्रस्तुत किया है। [illegible] के अंतर्गत उनके [illegible] रागों का वर्गीकरण प्रस्तुत किया [illegible]

इसके पश्चात् पंडित भातखंडे एक मेल के अंतर्गत अनेक रागांगों का समावेश करते है। उदाहरणार्थ काफी मेल के अंतर्गत उन्होंने काफी अंग, धानी अंग, कानडा अंग, सारंग अंग और मल्हार अंग के रागों का स्पष्ट उल्लेख करते हुए समावेश किया है। एक ऐसा स्वरसमूह जिसका कई रागों में समान रूप से उपयोग हो और वह उन सभी रागों में से किसी प्रमुख राग का मुख्य अंग हो, उसे उन सभी रागों का रागांग कहा गया है। उदाहरणतः 'नि प ग म रे स' यह स्वरसमूह एक संपूर्ण कानडा अंग है, जो कि दरबारी कानडा के साथ ही मुख्य, सुघराई, अडाना, नायकी आदि सभी कानडा प्रकारों का रागांग है।

रागांग पद्धति में थाट और मेल को ध्यान में रखे बगैर रागों के सचारों या स्वरसमूहों के आधार पर विभाजित किया जाता है। एक ही थाट से उत्पन्न होने वाले राग अलग–अलग रागांगों के कारण अपना स्वतंत्र अस्तित्व रखते है तथा भिन्न थाटोत्पन्न राग भी समान रागांग के कारण, उस विशिष्ट रागांग के राग कहलाते है। रागांग पद्धति की विशेषता यह है कि जिन रागों मे रागांग का प्रयोग होता है उनमें भी प्रायः उस रागांग का नाम सम्मिलित कर दिया जाता है, जैसे तोड़ी का रागांग है 'रे गरे सा'। यह जिन रागों में आता है उनमें भी तोडी का उपनाम प्रयुक्त होता है किंतु रागांग के नाम से रहित भी कई रागांग युक्त राग है, जैसे कल्याण अंग के राग चंद्रकांत, भूपाली आदि।

मेल राग वर्गीकरण पद्धति में भी इस वर्गीकरण का प्रबल प्रभाव, इस वर्गीकरण की सशक्तता, अनिवार्यता एवं आवश्यकता का प्रतिपादक है। इस प्रबलता का प्रमुख कारण यही है, कि राग की सामान्य पहचान तो स्वरों के द्वारा हो जाती है, परंतु सूक्ष्म पहचान विशिष्ट स्वरसमूहों के माध्यम से ही होती है। यही स्वरसमूह प्रधान पहचान, रागांग कहलाती है। ''थाट पद्धतीतील दोष काढून रागांग पद्धती योग्य व्हावी या उद्देशाने काही प्रमुख रागांग निश्चित केल्या गेले. त्यात दहा थाट सुध्दा स्विकृत करून पंडितांनी आरभी २५ तर कालांनी ३० रागांग निश्चित केलेत. ते असे कल्याण अंग, बिलावल

Coordinator, IQAC
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara

Scanned with CamScanner

अंग, खमाज, भैरव, पूर्वी, मारवा, काफी, [illegible], भैरवी, तोडी, सारंग, कानड़ा, मल्हार, भीमपलास, [illegible], पिलु, सोरठ, विभास, नट, श्री, बागेश्री अ[illegible], केदार, पंकरा, हिंडोल, भूपाली, आसा, बिहाग, को[illegible], दुर्गा, भटियार पण इथे सुद्धा दोष निर्माण होऊ [illegible], या अंगाना निश्चित क्रम, निश्चित संख्यात्मकता, [illegible] किंवा नियमाचा आधार नसल्यामुळे प्रत्येकांचा [illegible] रागांगांची संख्या कमी अधिक होत गेली.'

कुछ भी हो, हर प्रयास अपनी विशे[illegible] है। राग वर्गीकरण संबंधी यह प्रयास भी कम [illegible] नहीं है, तथापि सिद्धांतों के नवीनीकरण के [illegible] कटिबद्ध रहने की अनिवार्यता बनी रहती [illegible] शास्त्रकार इसको ध्यान में रखते है और इसी [illegible] सिद्धांतों के [illegible] और नवीन सिद्धांतों के [illegible] उचित मानते है।

पं. [illegible] के [illegible] पद्धति [illegible] भी अनेक संगीत विचारकों ने इस समस्या का [illegible] ढुंढने का [illegible] प्रयास किया है। उन्हीं [illegible] संगीतज्ञों में [illegible] का नाम भी अग्रणी [illegible] अपनी मेल [illegible], स्वरों के विकृत अवस्था [illegible] में रख कर [illegible] पुस्तक 'भारतीय संगीत [illegible] अन्वयार्थ' में [illegible] की है। उन्होंने सारे [illegible] विकृत, दो [illegible], तीन विकृत, तीन वि[illegible] विकृत, पाँच [illegible] ही स्वरों के [illegible] लेकर १९६ [illegible] है।

पद्ध[illegible] कैसी भी हो, जब वह प्र[illegible] जाती है और [illegible] परंपरा का रूप धारण कर [illegible] रागांग वर्गीकरण [illegible] भी अपना विशिष्ट म[illegible] है और उसे [illegible] का महत्व भी प्रा[illegible] लक्षण के संद[illegible] भी बहुत अधि[illegible] लगा है। स्व[illegible] ने भी थाट के [illegible] रागांग के महत्व [illegible] स्वीकार किया है तभी [illegible] भूपाली तथा [illegible] के लिए विभिन्न थाटों [illegible] किया है।

[illegible] स्वरावली से एक [illegible] हिंदुस्तानी संगीत उत्तरी [illegible] [illegible] एक स्वरावली से चार और कभी कभी इससे [illegible] राग उत्पन्न हो सकते है। हिंदुस्तानी संगीत की इस [illegible] का श्रेय रागांग पद्धति को ही है। उदाहरण [illegible] औडव स्वरावली सा रे ग प ध से चार राग उत्पन्न [illegible] भूपाली, देसकार, जैतकल्याण ओर शुद्ध कल्याण। [illegible] कर्नाटक संगीत में उपर्युक्त स्वरावली से केवल एक [illegible] मोहनम् उत्पन्न होता है।

सा रे ग म ध नि स्वरावली से पूरिया, मारवा और [illegible] उत्पन्न होते है।

सा रे ग म प ध नि स्वरावली से भैरव, कालींगडा और [illegible] उत्पन्न होते है।

सा रे म प नी स्वरावली से मधमाद सारंग और मेघ उत्पन्न होता है। .

सा रे म प ध स्वरावली से दुर्गा और शुद्ध मल्हार उत्पन्न [illegible]

[illegible] उत्तर के संगीत की विशेषता है कि इसमें अंग के द्वारा [illegible] कई रागों का निर्माण कर सकते है। जैसे [illegible] मिंया मल्हार को मिलाकर मियां की सारंग, [illegible] की उपलब्धि है। इसी प्रकार जोगकंस, [illegible] अंग की ही विशेषताऐं है। आज अंग रागों [illegible] विशिष्ट स्थान बना चुका है। जबकि दक्षिणी [illegible] संगीत पद्धति में इसके विषय में कुछ नहीं [illegible] उनके राग मेल पर आधारीत है। परंतु उत्तरी [illegible] संगीत में थाट की सिमा को तोड कर अपना [illegible] धारण करता है तो उसमें लगने वाले थाट [illegible] अपना सजीव रूप धारण करके तथा नियमित [illegible] और चलन से रागों में समानता एवं [illegible] लाते है।

[illegible] महत्व : अंग के गठन में न्यास गमक, [illegible], कण स्थान, चाल इत्यादी तत्वों का [illegible] स्थान है। क्योंकि इन तत्वों के अभाव अथवा [illegible] एक ही स्वरावली विभिन्न रागांग हो सकती [illegible] सर्वसम्मती से मल्हार अंग समझा जाता है। [illegible] प्रयोग और रागों में भी हो सकता है। जैसे [illegible] म रे कामोद में मरे प ग म प ग म रे सा, [illegible] म ग रे । किंतु इस रे पका प्रयोग मल्हारो

Coordinator, IQAC
Smt. Rewaben Manoharbhai Pate
Mahila Kala Mahavidyalaya
Bhandara

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Pate
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara.

Scanned with CamScanner

में एक विशेष प्रकार से की जाती है। [illegible] राग को के लिए के साथ लिखा जाता है। [illegible] राग के मुख्य स्वरावली के [illegible] रागांगभूतकल्याण में गंधार के [illegible] मान्य है। [illegible] राग के [illegible]

आधुनिक संगीतज्ञों [illegible] रचना करने की प्रवृत्ति बहुत अधिक होती जा रही है। परंतु [illegible] मात्र कल्पना ही सामंजस्य की अज्ञानता। [illegible] देने से [illegible] [illegible] देने से [illegible] [illegible] देने से [illegible] [illegible] [illegible]

38) सोशल मीडियाचे सामाजिक परिणाम
सुनील रामभाऊ धोरात, अकोला ||116

39) मराठवाडा मुक्तिसंग्राम व रझाकार संघटनेची भूमिका
प्रा. डॉ. धिरजकुमार नजान, अकोला ||119

40) मानव अधिकार और भारतिय संविधान
Dr. Vishakha J. Dere, Yavatmal ||123

41) सामाजिक एवं सांस्कृतिक उत्थान के लिए मानव जीवन में संगीत का स्थान
प्रा. डॉ. सुनील भि. कोल्हे, अकोला ||125

42) २१वीं सदी के युवाओं का शास्त्रीय संगीत के प्रति रूझान तथा प्रयोगधर्मिता
डॉ. श्वेता दीपक वेगड़, भंडारा ||128

43) संगीत की मानव जीवन में उपयोगीता
प्रा. डॉ. राहुल एम. भोरे, भंडारा ||131

44) शारीरिक स्थुलता कमी करणाच्या मानसशास्त्रीय उपायांचा चिकीत्सक अभ्यास
प्रा. अजितकुमार सदाशिव कदम, संगमनेर ||133

45) मानवी जीवनात संगीताची भूमिका
डॉ. घनश्री पांडे-मुळावकर, अकोला ||138

46) मानवी जीवनात संगीताची भूमिका
प्रा. डॉ. विजय राधाकृष्ण आळशी, अकोला ||140

www.vidyawarta.com/03 | http://www.printingarea.blogspot.com

Coordinator, IQAC
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara.

Scanned with CamScanner

MAH MUL/03051/2012
ISSN: 2319 9318
Vidyawarta®
Peer-Reviewed International Publication
February 2020
Special Issue-01
0128

42

२१वीं सदी के युवाओं का शास्त्रीय संगीत के प्रति रूझान तथा प्रयोगधर्मिता

डॉ. श्वेता दीपक वेगड़
सहाय्यक प्राध्यापक,
श्रीमती रेवाबेन मनोहरभाई पटेल महिला कला महाविद्यालय, भंडारा

प्रस्तावना

आज भारतीय संगीत का जो स्वरूप हमारे सन्मुख है वह आकस्मिक या दैविक उपज न होते हुए, उसके मुल रूप में निरंतर वृद्धि और परिवर्तन होते हुए वर्तमान स्वरूप को प्राप्त हुआ है। भारतीय संगीत एक अत्यंत विस्तृत और सुदृढ परंपरा लेकर नए युग की ओर अग्रसर हो रहा है। आधुनिकता भारतीय जीवन के हर पहलुओं में अनेक परिवर्तन दृष्टिगोचर होते है जिनका सकारात्मक तथा नकारात्मक होना स्वभाविक है। अपने उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस लेख के अंर्तगत हमें उसके सकारात्मक पक्ष पर ही अधिक लक्ष केंद्रित करेंगे।

चूंकि भारतीय शास्त्रीय संगीत के भविष्य पर छानेवाले काले बादलों की भविष्यवाणी लगातार की जाती रही है फिर हम यही कहेंगे कि इन सितारों का उत्सव अभी शुरू ही हुआ है। ये भारतीय शास्त्रीय संगीत की दुनिया में पिछले दशकों से राज कर रहे पुराने उस्तादों की जगह लेने को सुसज्ज है। ये युवा कलाकार अभूतपूर्व प्रयोगों, नवीनता और मेल के साथ संगीत के क्षितिज का विस्तार करने प्रयासरत है। प्रारंभिक काल से ही संगीत में निरंतर प्रायोगिक और सैद्धांतिक दोनों ही पक्षों में परिवर्तन देखने को मिलते है— शास्त्रीय संगीत के प्रशिक्षण में पिढी दर पिढ़ी मुल रूप से कुछ ना कुछ जुडता रहा है। और यह नई पिढी अपनी अपनी कल्पनाशक्ति तथा प्रयोगशिलता से उसे नया रूप प्रदान करने में दृढ़संकल्प दिखाई पडती है। आज का युवावर्ग नए प्रयोग, जुगलबंदी, फ्युजन स्टुडियो, यूट्यूब द्वारा अधिक प्रभावित तथा अपनी प्रयोगशिलता के साथ वह नित्य ही नए प्रयोग करते दिखलाई पडता है।

संगीत यहउस सरीता के समान है जो अपने साथसाथ आसपास जो भी सम्मिलीत हुए उन सभी को अपने बहाव में समाहित करते हुए अपने विकास पथ पर अविरल अग्रसर होती जाती है। संगीत यह आनंद, उर्जा तथा सौंदर्य का प्रतिक है। भारतीय शास्त्रीय संगीत यह सभी संगीत पद्धतियों की नींव मानी जाती है। भारतीय संगीत को हमारे भारत की अतिप्राचीन परंपरा तथा अमुल्य धरोहर के रूप में देखा जाता है।

रचनात्मकता या प्रयोगधर्मिता यह ईश्वर की मानव को दी हुई अद्वितीय भेंट है और मनुष्य ही भगवान की सबसे सुंदर निर्मिती है क्योंकि अपनी विचारशक्ति द्वारा वह जो अभिव्यक्ति कर सकता है वह क्षमता अन्य किसीजीव में नहीं है तथा संगीत एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा वह स्वयं को सही रूप में व्यक्त तथा प्रस्तुत कर सकता है, उसका मन को प्रसारित और अनुवादित कर पाने का संगीत एक सशक्त माध्यम है। यह सर्वविदित है कि संगीत कला मानव को तनावमुक्त कर खुश और आल्हादित रखता है। प्रसन्नचित्त मन रचनात्मकता, एकाग्रता, प्रयोगशीलता को बढावा देता है। वर्तमान के व्यस्त और तनावपूर्ण जीवन में एक और तनाव ग्रसित दिखते है वही एक युवा वर्ग ऐसा भी है जो नित्य संगीत के नविन पहलुओं को उजागर करते हुए अपना स्वतंत्र अस्तित्व का निर्माण करने में व्यस्त है।

आधुनिक युग के युवा कलाकार तकनीक के ज्ञाता भी है। उनका संगीत सिमाओं को लांघकर नए श्रोता की तलाश में व्यस्त रहता है। उनमें घरानों की परंपरा से उपर उठने का साहसभी है साथ ही साथ कुछ नया, कल्पनाशील, रचनात्मक प्रयोगशीलरूप में अपनी पहचान बनाने, समय के साथ चलने की तिव्र इच्छा जान पडती है। परंपरा के साथ साथ आधुनिकता की

Coordinator, IQAC
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay
Scanned with CamScanner

जुगलबंदि करने वाले ये विलक्षण कलाकार संगीत का नया अनुठा व्याकरण रच रहें है। यह नए उस्तादों का निर्माण कर्ता युग है। भुमंडलीकरण के कारण कलाकारों की कलाओं का आदान प्रदान देश विदेशों के मध्य देखा जा सकता है। 'शब्दम्' और 'स्पिक मैके' यह संस्थाऐं संयुक्त तत्वाधान में निरंतर रूप से भारतीय शास्त्रीय संगीत के गायन, वादन और नृत्य से युवा वर्ग रूबरू हों तथा इनमें से किसी भी विधा को अंगीकार से अपनाऐं इसके लिए विशेष रूप से प्रयासरत है। तकनिकी आदि के सौकीन वर्तमान समय के युवा शास्त्रीय संगीतकार अनुठा संगीत रचने के लिए परंपराओं से उठ कर काम कर रहें है। यदि हम २५ से ४० आयुवर्ग के युवाओं के प्रयोगशिल कार्यकलाप को देखे तो हमेंअनेक नवीन प्रयोगों को देख पाने का अवसर प्राप्त होगा। यहां पर इस लघु लेख में सभी कलाकारों के प्रयोगों का विवेचन करना तो संभव नहीं हो पाएगाफिर भी कुछ कलाकारों के कार्यो पर प्रकाश डालने का यथासंभव प्रयास किया है।

निलाद्री कुमार ४० वर्षीय सितारवादक, उनकी कला का खजाना विशुद्ध शास्त्रीय जुगलबंदी से लेकर फयुजन तक फैला हुआ है। उन्होंने सितार के सुरो में अभिनव क्रांतिकारी प्रयोग किया है।

४२ वर्षीय जयतीर्थ मेवूंडी शास्त्रीय गायक किराना घराने की मशाल को जिंदा रखने वाले कुछ चुनिंदा गायकों में से एक हैं। मूलत: कनार्टक राज्य के बेलगली में रहने वाले इस गायक की गायकी में भीमसेन जोशी की याद बरबस दिला देती है।

टि. एम. कृष्णा, जिनकी उम्र ३३ वर्ष है यह कनार्टक शास्त्रीय गायक, कंपोजर और लेखक नवानामी कलाकार है। कनार्टक संगीत को आग्रसर करने का कोई भी अवसर हाथ से जाने नहीं देते। वहसंगीतकारों की पौध से संबद्ध हैं की उनकी समझभी अपनी मौलिकता रखती है।

संजीव शंकर ३४ वर्षीय युवा तथा अश्विनी शंकर ३० वर्षीय युवा, सहनाई वादक है। स्व. बिस्मिल्ला खां के अवसान के पश्चात बनारस घराने की परंपरा का अविरल निर्वहन कर रहें है। शास्त्रीय संगीत के साथ साथ वह विदेशी बैंडों के साथ फयुजन भी करते रहे है। ये उन्नत संगीतकार तथा भविष्य की उभरती जोड़ी है।

राकेश चौरसिया जिनकी उम्र ४१ वर्ष है अपने चाचा बाँसुरी वादक उस्ताद हरिप्रसाद चौरसिया से पिछले ३५ वर्षों से निरंतर शिक्षा प्राप्त कर रहें है। वह भी अत्यंत प्रतिभाशाली कलाकार है तथा चौरसियाजी की विरासत को आगे बढा रहें है।

४४ वर्ष के शौनक अभिषेकी ये शास्त्रीय गायक तथा कंपोजर, जितेंद्र अभिषेकी के सुपुत्र तथा शिष्य भी है। शौनक ने अपनी गायकी में आगरा और जयपुर घराने की शैलियों का मेल प्रदर्शीतकिया। वे अत्यंत साहसी तथा संगीत को लेकर नित नए प्रयोग करते रहे है फिर भी अपनी परंपराओं में उनकी जडों की पैठ बहुत गहरी है।

संजीव अभ्यंकर अपने उम्र के५० वें पडाव पर है। यह हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक मेवाती घराने से संबधर है। इन्होंने वर्तमान समय में अश्विनी भीडे–देशपांडेजी के साथ इनका मुर्च्छना गायन पद्धति द्वारा जुगलबंदी का सुंदरतम प्रयोग प्रस्तुत कर रहें हैं जो काफी सराहा जा रहा है तथा इनके इस प्रयोग से प्रोत्साहित हो कर नयी पिढ़ी भी उसमें अपना हाथ आजमाने के लिए ललायीत दिखाई पड रही है तथा नए नए रागों की जुगलबंदी कर नित नए प्रयोग कर रही है।

कौशिकी चक्रवर्ती जिनकीउम्र ३४ वर्ष है एक उन्नत गायिका है। सुप्रसिद्ध गायक अजय चक्रवर्ती की बेटी कौशिकी की गायकी में पटीयाला घराने की सारी खुबियाँ है। उनकी शैली सहज और जीवंत है। हमारे भारतीय संगीत की पहचान मानी जाती है। वे 'सखी' नामक महिला कलाकारों के समुह के साथ मिलकर नित्य प्रयोगशीलता तथा अत्यंत कल्पकता के साथ अपना प्रस्तुतिकरण देती है। उन्होंने सखी इस संकल्पना के अंर्तगत नृत्य के माध्यम से ठुमरी के भाव पक्ष को बहुत ही सुंदरता के साथ पुन:स्थापित कर उसे गौरवशाली रूप प्रदान करने में सफलता हासिल की है। वह अपने कुछ नए प्रयोग भविष्य में लाने का संकल्प रखती है।

युवाओ के लिए 'म्युजीकल हेरिटेज' नामक

Coordinator, IQAC
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

MAH MUL/03051/2012
ISSN: 2319 9318
Vidyawarta®
Peer-Reviewed International Publication
February 2020
Special Issue-01
0130

वेबसाईट काफी रोचक साबित हो रही है। इस वेबसाईट में अनेक विश्वप्रसिद्ध शास्त्रीय कलाकारों के बारे में जानकारी प्रदान की गई है। चुंकि आज का युवा वर्ग तकनिकी ज्ञान से काफी नजदिकीया रखता है जिसका प्रभाव संगीत शिक्षा प्रणाली में भी देखा जा सकता है। आज के युवा कलाकारवर्तमान स्थिती में स्वयं को समाहित कर आधुनिक तकनिकी सहायता अर्थात आनलाईन प्रशिक्षण सभी उम्र के इच्छुकों को द्वारा शिक्षा प्रदान करते हुए देखे जा सकते है।

आज के जमाने में प्रत्येक क्षेत्र में नवीन नवीन प्रयोग हो रहे है। नवीन खोज हो रहे है जिसका उद्देश्य केवल कुछ नूतन अन्वेषण करना है। इंटरनेट का माध्यम आज शास्त्रीय संगीत के प्रचार–प्रसार में अहम भुमिका निभा रहा है। समाज का एक ऐसा वर्ग जिनका आकर्षण रॉक बैंड, जॅज़ म्युजिक वेस्टर्न म्युजिक आदि की तरफ अधिक है। ऐसे वर्ग को शास्त्रीय संगीत से जोडने के लिए प्रयोग के तौर पर फयुज़न के माध्यम से प्रस्तुत करना संगीत में नवाचार करना आवश्यक हो सकता है जिसके अंर्तगत शास्त्रीय रागों की बंदिशों को उनके शुद्ध स्वरूप में पाश्चात्य वाद्यों के साथ रॉक व जॅज प्रकार के साथ गाना आदि होता है। शास्त्रीय संगीत में कई बडे दिग्गज कलाकार भी केवल एक प्रयोग के रूप में तथा कुछ नवीन, खोज करने के लिए फयुजन का आधार लेते हुए मिलते है जैसे उ. राशिद खां, पं. अजय पोहनकर, कौशिकी चक्रवर्ती, उस्ताद झाकीर हुसैन साहब, तौफिक कुरैशी साहब इत्यादी।

युटयुब के कई विडियो में आज के युवाओं की प्रयोगशिलता की झलक देखी जा सकती है।

महेश राघवन तथा नंदीनी शंकर, राग बाली (कनार्टक संगीत) या मिश्र पिलु (हिंदुस्तानी संगीत) में नया प्रयोग जिसमें उन्होंने कनार्टक संगीत, हिंदुस्तानी संगीत तथा इलेक्ट्रानिक संगीत को सुंदर मेल किया है।

एक अन्य प्रयोग में मरघाझी सिरीस के अंर्तगत एक नया प्रयोग जिसमें युवा कलाकारों जैसे बांसुरी में नवीन, राग रितीगौला और राग कल्याणी का कॉंटेमपोरी संगीत का आयोजन, श्रावन श्रीधर का वायलिन, तथा पस्क्युशन में आदित्य श्रीनिवासन। इनके समुह ने इसके अंर्तगत कई अलग अलग विषयों को, थीम्स को लेकर अनेक भागों में विडियों उपलोड किये है।

वर्तमान समय में फास्ट लाईफ के कारण जमाना बिटस को ज्यादा पसंद कर रहा है। संगीत के लगभग सभी प्रयोगों में बिटस के आविर्भाव को हम महसुस कर सकते है। ये युवा कलाकार एक ही क्षेत्र में पारंगत न होते हुए अनेक क्षेत्रों में अपना हाथ आजमाते है। वे शास्त्रीय संगीत का आधार लेते हुए नए प्रयोग करते दिखाई पड़ रहे है। ये युवा विडियों के साथ साथ लाईव कार्यक्रम भी प्रस्तुत कर युवाओं को लुभा रहें है।

आज गजल जैसे गीत प्रकार जोकि पारंपारीक रूप में तबला हार्मोनियम के साथ गाया जाता था आज उसमें भी प्रायोगिक रूप में पाश्चात्य वाद्यों के साथ नया रूप प्रदान किया जा रहा है। मधुपरना द्वारा गाई हुई गजल युटयुब पर लॉज स्टाईल में देखा जा सकता है।

जुगलबंदी के साथ साथ हम ट्रिगलबंदी में भी काफी प्रयोग देख पा रहें है। जैसे हाल ही में फेसबुक में राग किरवाणी में अमजद अली खां, अमान अली खां तथा अयान अली इनका ट्रिगलबंदी का सुंदर प्रयोग सुनने मिला।

इंडीयन जॉज जर्नी के अंर्तगत श्री महेश काले, जार्डन, शुभांकर बनर्जी द्वारा सॅन डिगों में प्रस्तुत किया कार्यक्रम का छोटा सा रियाज फेसबुक में देखा जा सकता है। इन्होंने इसमें तराना इस गीत प्रकार के माध्यम से नया प्रयोग दिखाया गया है।

वसंतराव देशपांडेजी के पौत्र राहुल देशपांडे भी शास्त्रीय संगीत के विभिन्न पहलुओं पर अपना हाथ आजमाते देखे जा सकते है। महेश काले तथा अन्य कलाकारों के साथ भी अनेक प्रयोग करते देखे जा सकते है।

कोक स्टुडियो यह भी हाल ही के समय का एम. टी. व्ही चैनल द्वारा भारतीय टेलीविजन का प्रसारीत कार्यक्रम है जिसमें विभिन्न कलाकारों के साथ लाईव स्टुडीयो, रिकार्डेड संगीत प्रदर्शन है। कोक स्टुडीयो हिंदुस्तानी, कनार्टक और भारतीय लोक संगीत

Coordinator, IQAC
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

Scanned with CamScanner

MAH MUL/03051/2012
ISSN: 2319 9318
Vidyawarta®
Peer-Reviewed International Publication
February 2020
Special Issue-01
0131

43

संगीत की मानव जीवन में उपयोगीता

प्रा. डॉ. राहुल एम. मोरे
विभागाध्यक्ष संगीत विभाग,
श्रीमती रेवाबेन मनोहरभाई पटेल महिला कला महाविद्यालय, भंडारा

****

प्रस्तावना

मनुष्य जब पृथ्वी पर जन्म लेता है तब संगीत के वातावरण में पैदा होता है। जन्म होने पर नाना प्रकार के संस्कार एवं उत्साह मनाए जाते है। सभी में कुछ न कुछ संगीत से संम्बधित कार्यक्रमों का आयोजन होता है। माँ की गोद में अथवा उसके हाथों के झुले में तथा पालने में जब तक बच्चा रहता है तब तक अपनी माँ के मुख से निकले हूए संगीत का आनंद लेता है जिसे लोरी या कहते है। लोरीया के गाने मे प्रत्यक्ष प्रभाव देखा जाता है कि बच्चा कितना हि रो रहा हो, पालने में लोरिया सुनते–सुनते सो जाता है। इस प्रकार संगीत कितना सुखद एक विषय है कि एक अज्ञान बच्चे पर भी संगीत इतना प्रभाव पडता है। कि अपना रोना छोड कर संगीत रूपी तरंगो में विलीन होकर स्वप्नावस्था को प्राप्त हो जाता है। यह संगीत का ही प्रभाव है। शहनाई मंगल कार्य का सुचक है। यदी कही भी शहनाई वादन हो रहा हो तो हम सबको ज्ञान हो जाता है कि कोई मंगल कार्य संपन्न होने जा रहा है। नारद संहिता मे लिखा है कि चिडीया, भौंरे, पतंगें, हिरण आदि प्रत्येक जानवर गाता है, इस प्रकार संगीत सब प्राणीयो मे व्याप्त है। शेक्स पिअर ने संगीत के बारे में अपने साहित्य में लिखा है कि 'जो व्यक्ति संगीत से घृणा करता है वह बहूत खतरनाक होता है'।

मनूष्य जब से गर्भ में आता है और जब तक मृत्यु होती है, इस समय में व्यक्ति के सोलह संस्कार होते है, ऐसा शास्त्रो में वर्णित है। एक मतक संस्कार

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara
Coordinator IQAC
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara
Scanned with CamScanner

An International Multidisciplinary Quarterly Research Journal

ISO 9001:2008 QMS CERTIFIED

AJANTA

Volume-IX, Issue-I, January - March - 2020

ISSN 2277-5730

Impact Factor - 6.399 (www.sjifactor.com)

Is Hereby Awarding This Certificate To

डॉ. श्वेता दीपक वेगड

In Recognition of the Publication of the Paper Entitled

राष्ट्रसंत का संगीत विषयक दृष्टिकोन

Peer Reviewed Referred and UGC Listed Journal

Ajanta Prakashan, Jaisingpura, Near University Gate, Aurangabad (M.S.) 431 004
Mob. No. 9579260877, 8390984760 Tel. No. (0240) 2400877
ajanta5050@gmail.com, www.ajantaprakashan.com

Editor : Vinay S. Hatole

Coordinator, IQAC
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

VOLUME - IX, ISSUE - I - JANUARY - MARCH - 2020
AJANTA - ISSN 2277 - 5730 - IMPACT FACTOR - 6.399 (www.sjifactor.com)

CONTENTS OF HINDI

अ.क्र.	लेख आणि लेखकाचे नाव	पृष्ठ क्र.
१	राष्ट्रसंत का संगीत विषयक दृष्टिकोन डॉ. श्वेता दीपक वेगड	१-५
२	संत तुकडोजी महाराज का साहित्य : मानवतावादी दृष्टिकोण एवं वर्तमान समय में प्रासंगिकता डॉ. प्रवीण देशमुख	६-१०
३	राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज : संगीतमय युगपुरुष डॉ. कौमुदी क्षीरसागर (वर्डे)	११-१३
४	भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के मुखर योद्धा राष्ट्रसंत तुकडोजी तथा महात्मा गांधी प्रा. डॉ. संदीप रमेश हातेवार	१४-१८
५	राष्ट्रसंत तुकडोजी के जीवन मूल्य संबंधी विचारों को जीवन दर्शन डॉ. रमेश टी. बावनथड़े	१९-२२
६	राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज का विविधांगी दृष्टिकोण राजकन्या राघोजी भगत	२३-२७
७	राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज और वैराग्यमूर्ति गाडगेबाबा डॉ. संजय धोटे	२८-३१
८	राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज का सांगीतिक दृष्टिकोण प्रा. डॉ. स्नेहाशीष दास	३२-३४
९	राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज का युवाओं को आवहान प्रा. ईश्वरी खटवानी	३५-३८
१०	राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज का स्त्री विषयक दृष्टिकोण प्रा. सुषमा मा. नरांजे	३९-४१
११	संत परंपरा में भक्ति संगीत का स्थान तथा राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज की खंजडी भजन परम्परा प्रा. डॉ. सुनील भि. कोल्हे	४२-४५

Coordinator
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara.

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

CS Scanned with CamScanner

VOLUME - IX, ISSUE - I – JANUARY - MARCH - 2020
AJANTA - ISSN 2277 - 5730 - IMPACT FACTOR - 6.399 (www.sjifactor.com)

१. राष्ट्रसंत का संगीत विषयक दृष्टिकोन

डॉ. श्वेता दीपक वेगड
सहेयक प्राध्यापक, श्रीमती रेवाबेन मनोहरभाई पटेल महिला कला महाविद्यालय, भंडारा.

प्रस्तावना

संपूर्ण जगत में सर्वश्रेष्ठ संस्कृति के धनी के रूप में हमारे भारत देश को पहचाना जाता है तथा इस पवित्र भारतीय संस्कृति को अपने परम रूप में यथावत रखने का अद्वितीय कार्य हमेशा से ही इस देश के अनेक महापुरूषों का अद्वितीय योगदान रहा है। यद्यपि भारत भूमि को संतों तथा वीर पुरूषों की भुमि माना जाता रहा है तद्यपि संत कबिरदास, संत तुकाराम, संत एकनाथ, संत तुलसीदास, संत मिराबाई, संत सूरदास, बगाल के चैतन्य प्रभू, संत सावतामाली, संत गोरा कुंभार, सफी संत, संत गाडगे बाबा, प्रज्ञाचक्षु, संत गुलाबराव महाराज, श्री पंजाबराव देशमुख, आचार्य विनोबा भावे, इन जैसे अनेक संत महात्माओं ने अपने कार्य से समाज का नैतिक स्तर को ऊंचा रखने में प्रयत्नशील दिखाई देते है तथा वंदनीय राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज आधुनिक विदर्भ भुमि के थोर साहित्य संतकवि साथ ही तत्वज्ञ, वैज्ञानिक, समाजसुधारक, शिक्षणतज्ञ, संगीतज्ञ आदि जैसे कलागुणों से परिपूर्ण व्यक्तिमत्व है। उनके इन अनेक पहलुओं में सांगितीक प्रबोधनात्मक शैली में उनका सांगितिक चिंतन हमें गहराई से अभ्यास के लिए प्रेरित करता है।

संगीतीक बिजारोपण

ऐसे महान संत का जन्म विदर्भ के अमरावती जिल्हा के सावली नामक छोटे से गाँव में ३० अप्रेल १९०९ को हुआ। कहा जाता है कि उनकी माताजी मंजुला देवी तत्कालीन संत श्री अडकोजी महाराज की परमभक्त थी। वें बचपन से ही भक्तिमय वातावरण में ही पली बढी होने के कारण राष्ट्रसंत भी इस संस्कार से अछुते ना रह पाये। माधान के संत श्री गुलाबराव महाराज इन्होने राष्ट्रसंत का नाम माणिक रखा। अडकोजी महाराज का उन्हें बचपन से ही गुरूसानिध्य प्राप्त हुआ, उन्होने ही इनका नाम तुकडया रखा जो कि धिरे धिरे प्रचलित हो गया। पढाई के साथ साथ उनकी रूची अकेले में बैठकर, चिंतन कर किर्तन या कविता करने में भी थी। साथ ही वे विविध कलागुणों में भी निपूणता प्राप्त करते चले गए। बचपन से ही गाने में रूची होने के कारण उन्होंने चांदुर बजार के विमलानंद भारती इनके पास से संगीत का शिक्षण लिया। साथ ही यावली के हनुवतीबुवा इनके पास खंजरी तथा कोतळीकर महाराज इनके पास योगासन तथा एकतारी बजाना आदि का ज्ञान अर्जीत किया।

अडकोजी महाराज से प्रभावित हो महाराज ने तुकडया के नाम से अनेक भक्तिभाव युक्त रचना निर्माण कर उनका गायन किया। बचपन से ही उनके साहित्यीक प्रतिभा का दर्शन दिखाई देने लगा था। अडकोजी महाराज के निधने से वे अत्यधिक प्रभावित हुए तथा ईश्वर भक्ति में अपना मन लगा पंढरपूर के

Smt. Revaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

Officiating Principal
Smt. Revaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

पांडुरंग भगवान के प्रति अपना जीवन समर्पीत कर दिया। वहीं उन्हें मां बाप के सेवा में परमेश्वर की प्राप्त हुई। उन्हे प्राप्त दिव्य प्रतिभा से संगीत तथा काव्य के माध्यम से भजनों के प्रति वे आसक्त हो गए

तुकडोजी महाराज ने सर्वप्रथम इंसान को बनाने का प्रयत्न किया। आरोग्य, अनुशासन, व्यायाम सामुदायिक प्रार्थना, ऐसे अनुशासन विभुषीत करने के लिए उन्होंने अनेक प्रयत्न किये। धुन पर आधा सामुदायिक प्रार्थना के गान से लोगों को मनशांति प्राप्त हुई।

सर्व धर्माला समन्वय। विश्वशांतिचा उपाय।

लोकसुधारणेचे विद्यालय। सामुदायिक प्रार्थना।

मधुर संगीत यह मानवीय मन पर सकारात्मक परिणाम करता है ओर इस बात का अहसास उन तिक्ष्ण बुद्धी को था। अतः समाज प्रबोधन के लिए संगीत को प्रभावी माध्यम बनाकर साथ ही खंजीरी साधन बनाकर सारे जग में उन्होंने मानवता का मंत्र दिया। समाज जागृति, ग्रामविकास के भजनों के माध्यम उन्होंने ईश्वरभक्ति, अंधश्रद्धा, अनिष्ठ परंपरा, अनिष्ठ रूढी नष्ट करने तथा राष्ट्रिय एकात्मता विकसित क के उददेश्य से लिखने का कार्य आगे बढाया। उन्होंने अनेक विषयों कों ध्यान में रखकर लोगों को अंधका जीवन से बाहर निकलने का मार्ग बताया। उन्होंने आत्मसंयम तथा देशभक्ति के प्रचार के लिए भी सं माध्यम का उपयोग किया। उनके भजनों से अनेक विद्वान प्रभावित हुए। ईश्वर ध्यान कर अपने काव्य गायकी के आधार पर उन्होंने व्यक्तित्व विकास तथा समाज जागृति की। भजन किर्तन के माध्यम से स जागृति के पश्चात संघटना के रूप में गुरूदेव सेवा मंडल की स्थापना भी की।

विभिन्न पहलुओं पर कार्य

राष्ट्रसंत ने विपूल मात्रा में गद्य तथा कविता के रूप में ग्रंथ रचना की है। केवल साहित्य के ग्रंथ न लिखते हुए उन्होंने ग्रामोद्धार, महिलाओं, युवाओं, समाज तथा राष्ट्र की उन्नति के लिए लेखन किया है। इसीलिए उनके लेखन कार्य में सौंदर्य के बदले विचार अधिक प्रकाशित होता है। राष्ट्रसंत तुका महाराज ने अपने ग्रामगीता द्वारा प्रत्येक मनुष्य ने अपने मन से संवादात्मक रूप में संगीत इस महाशक्ति संबंध प्रस्थापित कर अपने गुण तथा अपने आत्मिक संपदा का विकास और दुषित तत्वों से देह और अ का रक्षण करने के लिए प्रेरित किया है।

इनकी काव्य शैली अत्यंत प्रासादिक, वात्सल्यपूर्ण तथा बेलाग रहते हुए उसमें सहज, सु सुसंबद्धता इनका त्रिवेणी संगम प्राप्त होता है। विचारों, गायकी में स्पष्टता तथा सुसंगति, सभी वर्गो को से लेकर शहरों तक आसानी से समझ में आए, गीतों का अर्थ आसानी से समझ में आए तथा सरल ऐसी विशेषताओं से परिपूर्ण इनकी भजन शैली होने के कारण वह सभी श्रोताओं में अपना एक वि स्थान रखती है। इन्होंने भजन, समाज उपयोगी विषयों पर भक्तिरस के भजन, वीररस के भजन, पोव तुंबडी गीत, स्वागत गीत, कव्वाली तथा भजन प्रकार अभंग, वेदांतरूपक, सालगी के भजन, गवळण, भा खंजीरी भजन आदि विपूल मात्रा में लिखे है। इन्होने मराठी में ११६९ तथा हिंदी में २३६९ भजनों की की है। राष्ट्रसंत ने अमृतानुभव अभंगावली भाग १ तथा भाग २ यह अपने युवावस्था में ही लिखे है। यह

Coordinator, IQAC
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

Officiating Principal
Smt. Rewaben Mangharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

CS Scanned with CamScanner

हुए भजन यह लोकजागरण का एक बडा आंदोलन था। 'जीवनाचे माझ्या बोबडे बोल, गोड करूनी
टे जीवा', ऐसे नम्रता से परिपूर्ण उनके भजन होते थे। राष्ट्रसंत ने जनशिक्षा का अद्वितीय कार्य अपने
पुस्तकों के माध्यम से विशेष रूप से ग्रामगीता के तेजस्वी शब्दों से, रसिकों को अपने खंजीरी
से, उपदेशों से, शिबिरों में, गुरूदेव सेवा मंडल के माध्यम से हर इंसान तक पहुंचाया।

क स्पर्श

तुकडोजी महाराज को स्वर लय ताल इन तिनों अंगों का अच्छा ज्ञान था। कुछ शास्त्रीय संगीत पर
त रागों पर भी भजनों को संगीतबद्ध किया है। उसमें राग काफी, बिहाग, भुपाली, सोरठ, भैरव,
रासडा बिहाग, मंगल, धूल, रेखाता, मांड, दरबारी कानडा इत्यादि रागों का उपयोग किया है। तालों में
वा, पंजाबी, तीनताल, उसी प्रकार कव्वाली ताल का भी उपयोग उन्होंने अपनी गायकी में किया है।
गितीक कार्यों में उन्हें श्री माहुलकर गुरूजी संगीत अलंकार तथा श्री बाबारावजी यादव तबला अलंकार
जन सहकारियों की मदद मिली है। उन्होंने अनेक वाद्यों का उपयोग किया। तुकडोजी ने एकतारी पर
प्रार्थना के भजनों की रचना की है। पेटी तबला, ढोलकी, आदिवासी वाद्य में प्रमुख खंजीरी वाद्य को
म भक्तिमार्ग में उपयोग करने वाले एकमेव है। लकडे का छोटासा गोल तुकडा जिसके उपरी भाग में
तथा घुंघरू बांध उसपर घुमने वाले हलके हाथ रसिकों को ध्यान आकर्षित करने की क्षमता रखते थे।
यह प्रिय वाद्य हमेशा उनके साथ रहता।

तुकडोजी महाराज के खंजीरी भजनों ने जनता के अंतःकरण की स्वतंत्रता ज्योत को प्रज्वलीत करने
हत्वपूर्ण कार्य भी किया है। और राष्ट्रभक्ति से प्रेरित हो कर जनता राष्ट्रीय आंदोलन में सहभागी भी

झाड झडुले शस्त्र बनेंगे, भक्त बनेगी सेना।
पत्थर सारे बम बनेंगे, नाव लगेगी किनारे।
विरों में हिम्मत आयेगी, ले तलवार कटयारे
गौर गौर पर गज़ घोडों पर रणकंदन डाले।
ऐसे विर रस से परिपूर्ण भजनों को सुनकर हजारों श्रोताओं के खुन में देशभक्ति का स्त्राव तेज हो
।

प्राकृतिक पहाडी आवाज के धनी ऐसे महाराज की सभी कविताओं में जो आवेष और आर्तता है
ा वर्णन शब्दों में कर पाना कठीन है। भजन गोपालकाला, मायबाई का तथा अडकुजी महाराज का
न पुढरपूर की यात्रा ये सभी कार्यक्रम केवल जनता को जागृत करने के लिए ही आयोजित किये जाते
राष्ट्रसंत का प्रबोधनकार्य का प्रवाह तीन मार्गो से प्रगट हुआ। भजन, संघटन, और निर्माण, भजन यह
र उपासना के लिए, संघटन ये सहजीवन के लिए, तथा निर्माण यह राष्ट्र की पुर्नरचना के लिए होता है।
के लिए भजन का अर्थ केवल स्वरों में खो जाना ऐसा न होकर शब्दार्थ पर ध्यान केंद्रित कर आत्मिक
रता होना आवश्यक है। भजन को वे एक संस्कार मानते है, ईश्वर से एकरूप होने तथा आत्मिक शुद्धी

Coordinator, IQAC
Smt. Rewaben Mandharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

Officiating Principal
Smt. Rewaben Mandharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

VOLUME - IX, ISSUE - I – JANUARY - MARCH - 2020
AJANTA - ISSN 2277 - 5730 - IMPACT FACTOR - 6.399 (www.sjifactor.com)

का माध्यम है। भजन की तालसुरबद्धता से ज्यादा महत्वपूर्ण उसका मानवीय मन पर होनेवाला परिणाम अधिक महत्वपूर्ण है। अपने दुर्गुणों का अंत कर सदगुण तथा सत्कार्य की ओर प्रवृत्त होने को ही महाराज ने भजन कहा है। ग्रामगीता तथा अभंगगाथा यह महाराज का भक्तयोग का आविष्कार है। 'मंदिर मंदिर क्य घुमता है पहले सेवा कर गरिबों की', ऐसा महाराज कहते है। समाजिक जीवन सुस्थिती में लाने के लिए लोकभाषा, लोकनृत्य, लोकगीत, बोलीभाषा आदि विविध अंगों के माध्यम से जनसामान्यों को कैसे प्रभावि कर पाएँगे उसके लिए उन्होंने अपना पुरा जीवन समर्पित किया है। इस हेतू में संगीत कला के माध्यम से जनकल्याण के लिए उपदेश किये ।

उस समय में मनोरंजन के लिए रेडियो ही उपयुक्त माध्यम था। रेडीयो के माध्यम से सर्वसामान्य तक फिल्मी गीतों की धुनों पर अपने भजनों को धुन लगाई। इनका योग्य उपयोग करते हुए उन्होंने सारी रा रात तेरी याद सताए इस प्रसिद्ध गीत पर 'घडी घडी मनी तुझे नाम जपावे, चित्त स्थिर करूनी चरण पहावे' ऐसे अनेक और भजनों की रचना की। सुनने में सरल होने के वजह से यह भजन उस काल में का लोकप्रिय हुए। कई स्थानों में युवाओं के मुख से फिल्मी संगीत के बदले तुकडोजी महाराज के भजन सु देते थे। इन भजनों के माध्यम से राष्ट्रसंत ने समाजप्रबोधन से सामाजिक बदलाव भी दिखाई देने लगा। उन अनेक रचनाओं के माध्यम से सारी मानवता को एकसुत्र में बांधा तथा सारी मानवजाती की जन्मदा संभालने वाली, एकही ईश्वर शक्ति है और यह चैतन्य शक्ति प्रत्येक मानवता में स्थित है ऐसा संदेश दिया। इसी प्रकार स्वच्छता का संदेश देनेवाली, बेरोजगारी युवाओं के लिए, व्यसनमुक्ति के लिए, धर्मज मतभेदों को नष्ट करने के लिए अनेक उपदेशात्मक गीतों का निर्माण किया।

गावागावासी जगवा। भेदभाव सगुळ मिटवा।
उजळा ग्रामोन्नतिचा दिवा। तुकडया म्हणे।

उन्होंने भजनों के माध्यम से ज्ञानअमृत का रसपान कराया। उनके इन कार्यों से प्रभावित हो कर भ के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद इन्होंने उन्हें राष्ट्रसंत की उपाधी दी। 'कशाला काशी जातो रे कशाला जातो' ऐसे गद्य प्रायः सीधा हृदय को छुने वाली होती है। संगीत के माध्यम से प्रबोधन करने के लिए उ देशविदेश में भ्रमण किया। विश्वधर्म परिषद जापान में उदघाटन का सम्मान तुकडोजी महाराज इन्हें ही था। इस प्रसंग में उन्होंने खंजीरी के साथ 'हर देश में तु हर भेष में तु' यह गीत अत्यंत प्रभावी रू प्रस्तुत किया कि उपस्थित सभी भावपूर्ण हो गए।

निष्कर्श

राष्ट्रसंत अपने काव्यों से, भजनों से, किर्तनों द्वारा समाज प्रबोधन कर के समाज के अनिष्ठ परंपरा को नष्ट करने के साथ साथ राष्ट्रिय एकात्मता को सबलता प्रदान करने के लिए प्रयत्नशील र मानवीय मन की चंचलता को केवल संगीत के माध्यम से ही स्थिर करने की दिव्यदृष्टि से तुकडोजी म ने भजन, अभंग, पोवाडे, स्त्रीगीत ऐसे अनेक गीत लिखे तथा उन्हें उपदेशात्मक रूप में गाए भी। संगीत का चिंतन मनन कर नए नए रचनाओं की निर्मिती में उनका बहुत योगदान है। राष्ट्रसंत ने समाजक

ISSUE - I – JANUARY - MARCH - 2020
ISSN 2277 - 5730 - IMPACT FACTOR - 6.399 (www.sjifactor.com)

त तथा राष्ट्रिय एकात्मता के लिए, संस्कृति की रक्षा तथा संवर्धन के लिए जो कार्य संगीत के
क्या वो इन जग को दिया हुआ अनमोल तोहफा है। इसी कारणवश आज भी राष्ट्रसंत विदर्भीय
लों में समाये हुए है। उनके द्वारा किये गए कार्य के सम्मान स्वरूप आज नागपुर विश्वविद्यालय
तुकडोजी महाराज विश्वविद्यालय के नाम से जाना जाता है। महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय
उनके संगीत विचारों की, संगीतिक उपदेशों की प्रचार को ध्यान में रखते हुए पाठयक्रम में समावेश
जाई पडता है। मानव प्रेम, मानव सेवा, तथा शांति इनका त्रिवेणी संगम को साथ कर राष्ट्रसंत ने
खता कों विश्वप्रेम तथा विश्व बंधुत्व का संदेश दिया। उनके भजन रूपी स्मृति साथ ही खंजीरी का
ा भी लोगों के मनमस्तिष्क में कायम है और रहेगा।

राष्ट्रीय भजनावली — राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज

राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज गौरव ग्रंथ — प्राचार्य रा. तु. भगत

सुदाम सावरकर — जीवनयोगी राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज चरित्र खंड १.३

डॉ. अशोक कामत — ग्रामगीता निरूपन

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

Coordinator, IQAC
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

Impact Factor – 6.625

ISSN – 2348-7143

INTERNATIONAL RESEARCH FELLOWS ASSOCIATION'S

RESEARCH JOURNEY

Multidisciplinary International E-Research Journal

Peer Reviewed & Indexed Journal

October-2019 Special Issue – 203

गांधी विचारधारा एवं ग्रामस्वराज्य संकल्पना



अतिथि संपादक :

डॉ. अजयकुमार मोहवंसी

प्राचार्य,

कला एवं वाणिज्य पदवी महाविद्यालय,

पेट्रोलपंप जवाहरनगर,

त. जि. भंडारा

विशेषांक संपादक

डॉ. राजेंद्रप्रसाद पटले

डॉ. आर. आर. चौधरी

डॉ. हरगोविंद टेंभरे

डॉ. सुधाकर थूल

डॉ. अमोल राऊत

मुख्य संपादक

डॉ. धनराज धनगर

Coordinator, IQAC
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

This Journal is indexed in :

- Scientific Journal Impact Factor (SJIF)
- Cosmoc Impact Factor (CIF)
- Global Impact Factor (GIF)
- International Impact Factor Services (IIFS)

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara.

For Details Visit To : www.researchjourney.net

SWATIDHAN PUBLICATIONS

INTERNATIONAL RESEARCH FELLOWS ASSOCIATION

Scanned with CamScanner

दादासाहेब फाल्के बहुत गरीब घर से थे उन्होने जर्मनी मे प्रिंटिग तकनीक की शिक्षा ली। 1911 मे जब उन्होने ' लाइफ आफ काइस्त' फिल्म देखी तो उनके सामने 'लाइफ आफ कृष्ण 'का चरित्र घूमने लगा, फिर इसके लिए समय और तकनीकी कारण से बाद मे बनाने का निर्णय लिया और उन्होंने भारतीय जनमानस मे बसे " राजा हरिश्चद्र "पर फिल्म बनायी। इस पहली फिल्म का भारत मे बहुत स्वागत हुआ और समाचार मे लोकप्रियता हासिल की। "[3]

फिल्मों में राष्ट्रीय जागरण का सूत्र–

भारतीय सिनेमा आरंभ से ही मिली जुली संस्कृति का रूप रहा है। फिल्म कला को लोकप्रिय कला बनीरहने के लिए यह जरूरी है कि फिल्म का क्षेत्र सकीर्णताओ से ऊपर उठा रहे। राजनीति से भ्रमित स्वार्थ न हो। सिनेमा को इन सकीर्णता से लडते हुये अपने अस्तित्व को बनाये रखने की कोशिश रही है।

1947 विभाजन की त्रासदी पर बनी फिल्मे मानवीय सवेदनाए को उकेरती है। विस्थापन की त्रासदी को महिलाओं के अंतरद्वद को फिल्मो में दर्शाया जैसे फिल्म धूल का फूल ,अदालत,यश चोपडा के निर्देशन मे बनी फिल्म धूल का फूल की

Smt. Mahila Kala Mahavidyalaya, Bhandara

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara.

Scanned with CamScanner

कहानी में अविवाहित स्त्री के बच्चे को एक मुसलिम प्रति है उसे एक अच्छा इसान बनने की प्रेरणा देता है। इसी फिल्म का गीत है– तू हिंदू बनेगा न मुसलमान बनेगा,इसान की औलाद है इसान बनेगा।"[४]

लाहौर (1949) ,अपना देश(1949), अमर रहे ये प्यार(1961)गांधी(1984), हे राम! (2000) जुबैदा(2001) मे सीमा पार रह रहे रिश्तेदारो से न मिल पाने का दर्द है। इन फिल्मो को सपरिवार देखा जाता है। परिवार, समूह के साथ अपने देश से मानवीयता से जुडे रहते है। राष्ट्रीयता की भावना जागृत करने वाली फिल्मे है।

फिल्म रणनीति और रीति:–

श्याम बेनेगल, आर के स्टुडियो, दादासाहेब पाल्के, जेमिनी आदि की फिल्म बनाने की अपनी रणनीतिया थी। उनका यह मानना था कि–

१)फिल्मो से किसी भी प्रकार की अराजकता न फैले ।
२) हिंसा से परहेज करना, समाज मे दगे न हो।
३) फिल्म की कहानी सोच समझ कर बनाना, पहले यह सोच लेना कि इसका समाज पर क्या प्रभाव पडेगा।"[५]

संस्कृति का लोप हो रहा है फिल्मों में :

शब्द, संस्कृति, पौराणिकता परपरा और सभ्यता के परिचायक होते है। आज यह बहुत आवश्यक हो गया है कि हम अपने लोकसाहित्य, चाहे भारत की किसी भी भाषा के अचल का हो। वहाँ के लोकगीत, लोककथा, और हमारे साहित्य के गरिमामय संचित दोहे, पद, उपन्यास की कथाये इनको राजसरक्षण मिले क्योंकि फिल्मो मे इन्हें तोड–मरोडकर पेश किया जाता है, जिससे उसकी भावभूमि आहत होती है।

'पायोजी मैंने राम रतन धन पायो' – का 'प्रेम रतन धन पायो', सुरदास के भ्रमरगीत के पद जो विरह–वेदना की व्याकुलता को दर्शाते है उन्ही पँक्तियो के भावो को लेकर कई गीत बने, सूली ऊपर सेज पिया की, किस विध मिलना होय।

चर्चित गीत 'होठोसे छू लो तुम–मेरा गीत अमर कर दो। जब कक्षा मे हरिवशराय बच्चन को पढाते है – तुम गा दो मेरा गान अमर हो जाये – तो हुबहु यही भावार्थ है। आज भी जनता भोली–भाली ही है, विशेषकर महिला वर्ग, ऐसे ये शीर्षक देखकर कि हम देखने आतुर हो जाती है, जैसे– 'सत्यम–शिवम्–सुदरम्' शीर्षक कभी भी विधियत कहानी के सार का मुखौटा होता है पर इस प्रकार शीर्षक रखकर भीड इक्कठी करने का काम किया जाता है।

वर्तमान की कुछ फिल्मे जैसे– 'हिन्दी मिडियम' मैंने सोचा 'इगलिश विगलिश' के बाद किसी ने तो हिन्दी के लिये सोचा, किंतु फिल्म शुरु से आखरी तक अँग्रेजी स्कूलो के एडमिशन के स्टेट्स पर बनी । अत मे सरकारी स्कूलो के बच्चो की प्रतिभाओ को दिखाया गया। मैंने सोचा हिन्दी को स्थान भी दिया तो अंत मे उद्देश्य के रूप मे इसने आधा भाग भी हिन्दी वाक्य, मुहावरे, प्रार्थना, गीत और संस्कृति सभ्यता का भाग दिखाया जाता फिल्म का स्वरुप कुछ और होता केवल बस्ती में रहनेवाले लोगो के लिये या गरीब बच्चे ही हिन्दी माध्यम मे पढते है ये प्रमाद नही होता। हिन्दी को अतरप्रातीय वार्तालाप, और त्यौहार की एकता के साथ प्रस्तुत किया जाता तो हिन्दी की गरिमा बनी रहती।

फिल्में बनें तो ऐसी जिससे आज की ज्वलंत समस्याओं का निराकारण हो, देश में आयोजित विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों पर लघु फिल्में तैयार होनी चाहिए, फिल्में 3 घंटे नही केवल दो घंटे की होनी चाहिए। क्योंकि तीन घंटे मे कहानी मे कोई उतार चढाव या मूल परिवर्तन नही होता बस कारो की तेज दौड, फाइटिंग सीन को लंबा खीचा जाता है। गीतों में अर्थ कम ध्वनियों संगीतवाद्य का ज्यादा जोर शोर होता है।

आज समाज को प्रगती पर ले जाने के लिये उन्हें परपरा या संस्कृति से इतना भी दूर न ले जाया जाय कि ये अपने अस्तित्व को ढूँढते रह जाय, आधुनिकता के नाम पर बेबाक हो जाये, नीतिमूल्यो को भुला दे। एक सभ्य नागरिक ही देश का सच्चा नेता हो सकता है। सफल नागरिक समाज को सफल बनायेगा और देश उन्नति की और बढेगा इसलिए हॉलीवुड बॉलीवुड के स्तर पर ऑस्कर अवार्ड मे जानेवाली फिल्मो का भारत की गरीबी के दृश्यो से नहीं बल्कि गरिमामय उच्च भावभूमि वाली फिल्मों को सम्मिलित करना चाहिए क्योंकि भारत गरीब नही गरीबो पर दया करनेवाला देश है। शरणार्थीयो की रक्षा करनेवाला देश है। यहाँ आधी रोटी भी बाँटकर खायी जाती है, भले ही गरीबी मे रहे।

संदर्भ :

1. फिल्म उद्योगी दादासाहेब फाल्के–लेखक गगाधर महाम्बरे–अनुवाद रेखा देशपांडे, पृष्ठ १६८, पहला संस्करण 2015, राधाकृष्ण प्रकाशन दिल्ली, महाराष्ट्र हिन्दी साहित्य अकादमी मुबई के सहयोग से प्रकाशित।
2. शोध :स्वरुप एव मानविकी व्यवहारिक कार्यविधि ,लेखक बैजनाथ सिंहल, पृष्ठ सख्या ८१, आवृति 2016 वाणी प्रकाशन दिल्ली।

Coordinator, IQAC
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara.

CS Scanned with CamScanner

3 फिल्म उद्योगी दादासाहेब फाल्के–लेखक गंगाधर महाम्बरे–अनुवाद रेखा देशपांडे, पृष्ठ १५५–१४९, पहला संस्करण 2015, राधाकृष्ण प्रकाशन दिल्ली, महाराष्ट्र हिन्दी साहित्य अकादमी मुबई के सहयोग से प्रकाशित।
4 विभाजन और सिनेमा, लेखक जयप्रीमल्ल पारख, पृष्ठ ११६,आलोचना त्रैमासिक सम्पादक नामवर सिंह अक ६० अप्रेल–जून२०१६, राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली ११०००२
5 लोकप्रिय सिनेमा के जरिये १९४७ का पुनर्निरीक्षण भारत और पाकिस्तान एक तुलनात्मक अध्ययन, लेखक गीता विश्वनाथ, सलमा मलिक पृष्ठ 98। आलोचना त्रैमासिक सम्पादक नामवर सिंह अक ६० अप्रेल–जून२०१६, राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली ११०००२

Coordinator
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara.

Scanned with CamScanner

IJCRT.ORG ISSN : 2320-2882
INTERNATIONAL JOURNAL OF CREATIVE RESEARCH THOUGHTS (IJCRT)
An International Open Access, Peer-reviewed, Refereed Journal

2019-20

मनुष्य की मूल संवेदनाएं और उसका नैतिक विकास

डॉ. मधुलता व्यास
सहयोगी प्राध्यापक
रेवाबेन पटेल कॉलेज, भंडारा

जाति (राष्ट्र) भी एक व्यक्ति मनुष्यमोंति है। जिस प्रकार मनुष्य कभी सोता है, कभी जागता है, कभी सोचता–विचारता है, कभी आनंद के तराने छेड देता है उसी प्रकार सारी जाति (राष्ट्र) भी अपने जीवन मे भिन्न–भिन्न अवस्थाओं से गुजरती है। यदि हमसे कोई पूछे कि भारतीय जाति ने क्या सोचा–विचारा है, उसकी बहुमूल्य चेतनाधि क्या क्या है, तो हम उसे इस सपूर्ण साहित्य के उत्तम ग्रथो का निचोंड सुनायेंगे जो वैदिक ऋषि से लेकर प्रेमचद तक महान विचारको ने रचा है।'

आज हम आधुनिक युग मे जी रहे है। आध्यात्मिक उन्नति जरूरी है, वैज्ञानिक उन्नति के पहले क्योकि आध्यात्मिक [illegible] अच्छे–बुरे का ख्याल करता है। आध्यात्म उसे विवेक प्रदान करता है। वह व्यक्ति को व्यक्ति की सीमा में रखता है। मनुष्य साधन निर्मित कर सकता है, साधन मनुष्य को नही, इसलिये मनुष्य ही सर्वोत्तम कृति है इस प्रकृति की, इस सृष्टि की।

अपनी बौद्धिक संपन्नता का सदुपयोग– मनुष्य के पास ज्ञान होता है लेकिन वह उस ज्ञान का उपयोग किस प्रकार करेगा यह उसके स्वभाव पर निर्भर करता है, इसलिए ज्ञान शस्त्र है और उस शस्त्र को चलाने वाला है मनुष्य, उसके मै मे निहित अन्तर्भावना। इसका उदहारण पौराणिक काव्य रामायण मे देखने को मिलता है। रामायण के दो मुख्यपात्र है एक सूर्यवंशी राम और दूसरे चद्रवंशी रावण। रावण अपनी मूल प्रकृति से हटकर तेजस्विता की ओर अस्वाभाविक ढंग से बढता है और राम सूर्यवंशी होने के बावजूद भी व्यवहार मे शीतलता बनाये हुये है वही रावण साधन सपन्न होने के कारण अहकारजनित है और अतिविश्वासी होने के कारण उसे अत मे हार का सामना करना पडता है वही राम के पास साधनों की कमी थी । राम साधनो के अभाव मे अपना मनोबल मजबूत रखते है और मानवीय संवेदनाओ के साथ नैतिक गुणो के बल पर ही सच्ची विजय हासिल करते है।

इस बात की पुष्टि कवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की कविता "राम की शक्ति पूजा" है। इस कविता मे, राम एक साधारण मनुष्य की तरह दिखाई देते है और अपने नैतिक बल से ही वे युद्ध जीतते है। राम एक साधारण मनुष्य की तरह जब , संघर्ष करते है जब वे रावण से हार का सामना करते है तब वे सोच मे पड जाते है, की कैसे इस युद्ध को जीता जाए, उनका लक्ष्य रावण की सोने की लंका को पाना नही था बल्कि अपनी प्रिय पत्नी सीता को मुक्त करना था ऐसे समय जामवंत जी राम से कहते है–

Coordinator, IQAC
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara.

Scanned with CamScanner

"रघुवर विचलित होने का नही देखता मै कारण,

हे पुरुषसिंह तुम भी यह शक्ति करो धारण

आराधन का दृढ आराधन से दो उत्तर

तुम वरो विजय सयत प्राणो से प्राणो पर

रावण अशुद्ध होकर भी यदि कर सकता त्रस्त,

तो निश्चय तुम हो सिद्ध, करोगे उसे ध्वस्त"

इससे स्पष्ट हो जाता है की मनुष्य का नैतिक बल भौतिकतावाद मे नही, मानवता वादी विचारो मे है, सत्य की प्रगाढता मे है । हजारी प्रसाद द्विवेदीजी ने लिखा है "– 'व्यक्ति का आत्मबल उसकी जडपूजा से अवरुद्ध हो जाता है। जिसके पास ये जडबंधन जितने कम होते है वह सत्यपरायण हो जाता है ।"

हमारे भारत का घोषवाक्य है "सत्यमेव जयते"। सत्य सौ परदो मे भी नही छुपता और अंतत सत्य की ही जीत होती है। आज किसी भी राष्ट्र को मानसिक सकीर्णता से ऊपर उठकर मानवजाति के कल्याण के लिए कार्य करना ही श्रेयस्कर होगा होगा। तुलसीदास द्वारा रचित रामचरित मानस मे भी कहा गया है, 'परहित सरिस धरम नहि भाई' दूसरो के कल्याण भलाई के लिये जो देश विचार करता है, वह देश नैतिक शिक्षा का विकास करता है।

मनुष्य जाति को ऊपर उठाने के लिए उसका सामूहिक विकास एकता के लिए उसमे संवेदनाओ का विकास जरुरी है बौद्धिकता की दौड मे आधुनिक जीवनशैली मे आज मनुष्य हृदयविहीन हो गया है ऐसे मे हमे उनमे साहित्य का सचार करना होगा साहित्य जो सबके हित में होता है जिसमे सभी के कल्याण की भावना निहित होती है। कविता कहानी नाटक जीवनी सस्मरण रेखाचित्र और साहित्य की अन्य विधा के माध्यम से संवेदनाओं को जाग्रत किया जाता है। मनुष्य को जड होने से रोका जाता है क्योकि जो जल बहता रहता है वो शुद्ध होता है।

वास्तव मे "मनोवैज्ञानिकों के अनुसार मानव की मौलिक संवेदनायें मुख्यत: तीन प्रकार की होती है –

1. जीवन की इच्छा
2. प्रत्युत्पति तथा
3. समाजबोध"[2]

जीवन में इच्छा यह मनुष्य की प्रमुख संवेदना है, जिससे दोनों उत्पन्न होते है। संपूर्ण जीवन की इच्छा मनुष्य को प्रेम करने तथा अपनी परिस्थितियो का अध्ययन करके उन पर विजय पाने की प्रेरणा देती है। इसलिये मनुष्यमे शक्तिशाली बनने, सौंदर्य निर्मित करने तथा साधन संपन्न बनने की इच्छा हुई। उसके मन मे सचारी भाव के रुप मे कुतुहल, उत्कंठा, आकाक्षा आदि भावनाये विकसित हुई। प्रत्येक व्यक्ति आत्मसम्मान के साथ जीना चाहता है ।

जान है तो जहान है

आपका मान है तो आप महान है।

संत नरसी मेहता का भजन **"वैष्णव जन तो तेने कहिए"** राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को बहुत पसंद था जिसका भावार्थ यह था की मनुष्य वही है जो मनुष्य के दुख को समझे।

वैष्णव जन तो तेने कहिए

जे पीर पराई जाने रे

पर उपकार करे पर कोई

Coordinator, IQAC
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhanuara

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara.

Scanned with CamScanner

आज न पुराण युग है न मध्य युग इसलिए हमे धर्म की सकल्पना मनुष्य को केंद्र मे रख कर करनी है । मनुष्य की मूल संवेदना मे दो चीजें प्रमुख होती है, 'सुख और दुख', पंडित रामचद्र शुक्ल जी ने चितामणि पुस्तक मे इस बात पर बहुत सूक्ष्म विवेचन किया है। उदाहरण के लिए, क्रोध का भाव हमे यदि कोई चीज चुभ जाती है तो हम सह लेते है लेकिन जब पता चलता है इसे चुभाने वाला कोई और है तो हमे तुरत क्रोध आ जाता है यही बाते है जो दुख से जुडी हुई है। गीता मे यह कहा गया है कि, **"जो पुरुष संपूर्ण कामनाओं को त्याग कर ममता रहित अहंकार रहित होकर विचरण करता है वही शांति प्राप्त करता है"**[3]

निश्चयात्मक बुद्धि– मनुष्य की भावना जब निर्णय की स्थिति पर पहुचती है तब उसे आत्मा कहा जाता है। कर्म के पीछे कौन से तत्व होते है और मनुष्य भावनाओ से प्रेरित होकर कर्म करने को प्रवृत्त होता है इस बारे मे कृष्ण ने गीता मे कहा है, "हे अर्जुन, इस कर्म योग मे निश्चयात्मक बुद्धि एक ही होती है, किंतु अस्थिर विचार वाले विवेकहीन मनुष्य भ्रमित होते है।"[4]

समाज और मनुष्य का नैतिक विकास– मनुष्य एक सामाजिक इकाई है समाज से मनुष्य और मनुष्य से समाज है, दोनो एक दूसरे से जुडे हुए है परस्पर एक दूसरे के पूरक है समाज हमारा आईना है जिसमे देखकर हम पता कर सकते है हम किस स्थिति से गुजर रहे है हमारी दशा क्या है क्योकि हम वही सोचते है उसी चिंतन मे रहते है जिससे समाज गुजर रहा होता है हम समाज की क्रियाकलापो से प्रभावित हुए बिना नही रहते इसलिए किसी शायर ने भी कहा है, "खत का मजमून भाप लेते है लिफाफा देखकर' ठीक उसी तरह हमारे देश की स्थिति का हमसे पता चलता है। हमारी राष्ट्रीयता को कहीं कोई धोखा तो नही, कही राष्ट्रीयता खंडित तो नही हो रही, देश मे हो रहे उत्थान पतन का असर प्रत्येक व्यक्ति मे देखते कि हम इन्ही बहती हुई भाव धारा मे जीते है।

इच्छाशक्ति और संवेग – आंतरिक अभिलाषा जीवन का सर्वस्व है वह जिधर बहेगी उधर ही मन, शरीर, कर्तव्य और वातावरण, सहज ही बदता ढलता चला जाएगा इस प्रवाह के आगे कोई अवरोध नही ठहरता समस्त प्रतिकूलताओ को चीरता हुआ यह प्रवाह अपने लिए रास्ता बना लेता है, साधनों को प्राप्त कर लेता है स्थानो तक पहुच जाता है जिन की प्रारंभिक स्थिति मैं कल्पना भी करना कठिन था मानसिक स्वास्थ्य क्या है, एक संवेग, हमे जीवन की समस्याओ से निबटने की योग्यता सही वास्तविक निर्णय लेने की क्षमता, दूरदर्शी होना प्रसन्नता पूर्वक कार्य करने की क्षमता यह सारी बातें मानसिक स्वास्थ्य का कारण है।[5]

स्वसूचन अर्थात ऑटो सजेशन – "परिवर्तन की तीव्र भावना मन मे उठनी चाहिए आधे अधूरे मन से लिए गए संकल्प दुष्प्रभावित हो जाते है अत आवश्यकता की तीव्रता जितनी अधिक होगी उतनी ही परिलक्षित होगी।"[6]

निष्कर्ष : आज समाज की विपरीत परिस्थितियों मे सुधार लाने के लिए हमे अपने मे सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना होगा । मनुष्य के आंतरिक गुणों का विकास ही उसके बाहरी विकास का आधार है।

Coordinator, IQAC
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara.

CS Scanned with CamScanner

संदर्भ ग्रंथ :

1 साहित्य सहचर – हजारीप्रसाद द्विवेदी – पृष्ठ संख्या 18– प्रकाशक नैवेद्य निकेतन

2 चेतन अचेतन सुपर चेतन– लेखक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य – पृष्ठ संख्या 1.19

3 श्रीमदभगवतगीता सांख्य योग का द्वितीय अध्याय पृष्ठ 71

4 श्रीमदभगवतगीता ब्रह्मविद्याम योगशास्त्र श्री कृष्ण अर्जुन सवाद सांख्य योग द्वितीय अध्याय

5 भारतीय मानसशास्त्र– लेखक सुरेंद्र प्रताप सिह– पृष्ठ नबर 268 -प्रकाशक हिमालय पब्लिकेशन हाउस नागपुर 440018

6 भारतीय मानसशास्त्र– लेखक सुरेंद्र प्रताप सिह– पृष्ठ नबर 141- प्रकाशक हिमालय पब्लिकेशन हाउस नागपुर 440018

Bhandara

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara.

Scanned with CamScanner

B.Aadhar International Multidisciplinary Research Journal
Impact Factor - ((SJIF) - 7.675,
Special Issue
ISSN : 2278-9308
May 2020

2019-20

बचपन की स्वतंत्र सोच : महापुरुषों के सामाजिक संदर्भ में

डॉ मधुलाता व्यास
सहयोगी प्रा एचआडी हिंदी आर एम पटेल कन्या महाविद्यालय, भंडारा

मनुष्य से समाज बनता है, समाज से मनुष्य, अतः मनुष्य समाज की एक इकाई है सरल शब्द में कहे तो व्यक्ति ही समाज का निर्माता है। व्यक्ति की स्वतंत्र सोच उसे मौलिक चिंतन प्रदान करती है। मनुष्य जन्म लेता है तब से परवरिश के लिए निर्भर रहता है अपने परिवार पर । यह उदर पोषण की बात है, परवरिश जिस प्रकार से होती है उसके संस्कार वैसे होते है। उसके विचार परिस्थिति के अनुरूप बनते है यदि उसके पक्ष में हुए तो अनुकूल , और उसके विपक्ष में हुए तो प्रतिकूल , यह दो विचार मुख्य होते है जो उसकी सोच के आधार होते है। अप्रत्यक्ष रूप से उसे आस पास का वातावरण प्रभावित करता ही है, कुछ गुण बालक में स्वभावतः होते है, कुछ वह समाज से अर्जित करता है। जब उसके मन में समाज को लेकर कुछ धारणाएं बचपन में एक जिज्ञासा के रूप में पनपने लगती है तो उसके मन में प्रश्न उठते है— क्या ?कब? कैसे? और प्रश्न का जवाब न मिलने पर वह प्रश्न अवचेतन में अंकित हो जाता है और किसी न किसी रूप में आगे जाकर उसकी कार्यशैली में दिखता है। इसलिए तो कहते है 'पूत के पाव पालने ही नजर आते है' इस संदर्भ में हमारे समक्ष कई महान व्यक्तियों के उदाहरण है जो अपने कर्म क्षेत्र के याद्धा रहे। उनकी सकल्प शक्ति ने उन्हें आगे बढ़ाया। ''अपने अभाव तथा कठिन परिस्थितियों को अनुकूल अवसरों में परिणीत कर कैसे व मानवता का हित संपादित कर सके यह जानकार अभिमान से भर उठता है मन, गौरान्वित हो जाता है समाज''१

ऐसा एक उदाहरण आता है हमारे सामने समाज सुधारक स्वामी दयानन्द सरस्वती का जिनका परिवार धार्मिक था रूढ़ी परंपरा को मानने वाला था। वो अपने परिवार में धार्मिक संस्कारों में पले बढ़े लेकिन जब वे शिवरात्रि के दिन पिता के साथ शिवमंदिर गए और देखा शिव मूर्ति पर एक चूहा चढ़कर फल खा रहा है तब वे सोचने लगे 'यह तो अपनी ही रक्षा नहीं कर सकते तो मेरी रक्षा कैसे करेंगे' और यहीं से उनके अंदर निर्गुण भक्ति उत्पन्न हो गयी वे आध्यात्मिक सोच में निकले। अंधविश्वास को दूर किया, आर्य समाज की स्थापना की जहाँ बालविवाह पर रोक, स्त्री शिक्षा और स्त्रीयों के समान अधिकार के लिए आवाज उठाई। राष्ट्रीय भावना जागृत कर अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष किया, मानवहित, दशहित के कार्यों का असर उनके समय के स्वतंत्रता सेनानियों पर भी पड़ा जैसे राम बिस्मिल, लाला लाजपतराय, तात्या टोपे, नानाजी पेशवा आदि।

हमारे सामने दूसरा उदाहरण आता है स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री डॉ भीमराव अंबेडकर जी का, जिन्होंने इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज किया है। वे समाज में समानता के सूत्र लागू करने के लिए संघर्षरत रहे। अपने बचपन में उन्होंने जो जातिभेद और अन्याय सहा और देखा, उसे बदलने का बीड़ा उठाया और संकल्प लिया। उन्होंने यह बचपन में ही निर्धारित कर लिया था जब उनके कोमल मन पर आघात हुआ। कक्षा में पानी के घड़े जाति अनुसार अलग अलग रखे जाते थे। उनसे यह अन्याय देखा नहीं गया और उन्होंने इस जाती व्यवस्था का सुधारने का निश्चय किया। उन्होंने संघर्ष जारी रखते हुए उच्च शिक्षा प्राप्त करी और समाज में बदलाव लाये। वे संविधान निर्माण की समिति के अध्यक्ष रहे। उन्होंने देश के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए जिसके लिए उन्हें भारतरत्न से विभूषित किया गया। अंत में हमें यह समझ लेना चाहिए की,''छुटपन से ही 'सर्व धर्म समभाव' की भावना पैदा किए बिना सांप्रदायिकता का रोग दूर नहीं

Bhandara
Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara.
Scanned with CamScanner

B.Aadhar' International Multidisciplinary Research Journal
Impact Factor - ((SJIF) -7.675,
Special Issue
ISSN : 2278-9308
May 2020

किया जा सकेगा। स्कूल व कॉलेजों की पाठ्य पुस्तकों में सभी मजहबों की सामान्य शिक्षा का समावेश करना नितांत आवश्यक है''२

अब साहित्यकार कवि सुमित्रानंदन पंत को ही ले लीजिए, बचपन में मां का साया नहीं मिला पूरे परिवार से रूठकर बिना खाए पिए जाकर एक पेड़ के नीचे बैठ जाते थे और चिंतन करते थे आस पास की प्रकृति को देखते थे, ऋतुओं का आना जाना, पंछियों का चहचहाना, पहाड़ी झरनों को देखना, यही उनका संसार बन गया और उसी में उन्होंने जीवन बिताया। इसलिए वह प्रकृति को ही अपनी मां समझते है और प्रकृति वर्णन इतना बारीकी से करते है कि कोई दूसरा उनके जैसी रचना नहीं कर सकता। एक जगह वे कहते है ''छोड़ दुमों की छाया, तोड़ प्रकृति से भी माया, बाली तेरे बाल जाल में कैसे उलझा दूं लोचन'' इस तरह वे प्रकृति की लताओं में गुम होना ज्यादा अधिक पसंद करते थे। संघर्षों से जूझ कर, इस तरह से व्यक्तित्व का निर्माण होता है जो बाहर के लोगों से भिन्न होता है, क्योंकि जो लोग कुछ नया करना चाहते है वे किसी सीमित दायरे में नहीं जीते, लकीर के फकीर नहीं होते। उनके द्वारा किए गए कार्यों से नए मूल्यों की स्थापना होती है। बचपन में अवचेतन में उनके विचार गुंफित थे जिसे वे केवल अवलोकन करके देखते थे। बड़े होने पर वे साहित्य के माध्यम से छायावादी काव्य में अपने विचारों को प्रकृति के माध्यम से व्यक्त कर पाये। ''साहित्य हमारे अव्यक्त भाव को व्यक्त करता है, उसमें जीवन के विविध रूप हमारे सामने आते है। साहित्य का आधार, मनुष्य और उसके अपने यथार्थ के बीच जीवित सम्बन्धों में है''३

बात जब बचपन की हो, तो बच्चों से प्यार करने वाले, हमारे भारत देश के पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलामजी याद आते है। इनका जन्म एक गरीब परिवार में हुआ, वे प्रकृति से प्रभावित रहते थे। जब वे कक्षा में पढ़ते थे तब उड़ती चिड़िया बड़े ध्यान से देखते थे, चिड़िया का नीचे से ऊपर की ओर उड़ान लेना, वे कैसे उड़ान लेती है, ये सोच दिमाग में बैठी और वह बड़े होकर भारत के ''मिसाइलमेन'' के नाम से विज्ञान की दुनिया में जाने गए। आज के दौर में यदि बचपन में विचार यंत्रणा के पंख को नहीं बांधा जाये तो बच्चे 'अग्निपंख' निर्मित कर सकते है। बालपन में सीखने की प्रवृति तेज होती है। उनकी जिज्ञासा को रोका न जाये, और स्वतंत्र सोच को प्रोत्साहन दिया जाये, जिससे उनके कल्पना तत्व का विकास हो।

यह ज्ञातव्य है कि अपने चुने हुए रास्तों पर व्यक्ति को अकेला ही चलना पड़ता है, जरूरी नहीं, कि समाज के सभी लोग उसका साथ दे, कठिन डगर, उसे स्वयं ही पार करनी होती है। इस संदर्भ में याद आती है हरिवंश राय बच्चनजी की कविता 'अग्निपथ'

''एक पत्र छांह भी मांग मत, मांग मत, अग्निपथ, अग्निपथ
तू न थकेगा कभी, तू न रुकेगा कभी, तू न मुड़ेगा कभी,
कर शपथ, कर शपथ, अग्निपथ, अग्निपथ।''

हमारा भारतीय राष्ट्रगान–'जन गण मन' और गीतांजलि लिखने वाले महान कवि रविंद्रनाथ टैगोर ने यह संदेश दिया, कि कोई साथ दे न दे, तुम अपने संकल्प साधना के साथ अकेले चलो और मंजिल तक पहुंच जाओगे 'एकला चलो रे' उनके ही एक गीत की पंक्ति है ।

अपमान और भय व्यक्ति को आगे बढ़ने से रोकते है, लेकिन जो इन बातों से ऊपर उठ जाता है, वह निर्बाध रूप से अपने लक्ष्य तक पहुंच जाता है क्योंकि सत्य के प्रति निष्ठा, लगन, व्यक्ति में आत्मशक्ति निर्मित करती है। संत कबीर कहते है, 'जिन ढूंढा तिन पाइया गहरे पानी पैठ' ''मनुष्य मनुष्य के बीच मस्तिष्कीय संरचना में अंतर नहीं, मात्र उसमें स्थूलता और सूक्ष्मता का अंतर पाया जाता है। वह भी जन्मजात नहीं, परिस्थितिजन्य होता है। जिस प्रकार व्यायाम, भोजन,

Coordinator, IQAC
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya

Scanned with CamScanner

आदि से शरीर को सुदृढ़ बनाया जा सकता है, उसी प्रकार मस्तिष्कीय प्रखरता को भी अभ्यास द्वारा अभिवृद्धि की जा सकती है।''[७]

सदर्भ :

१. 'महान व्यक्तित्व जिन पर हमें गर्व है', डॉ अरुण विकाश धाष, डॉ श्रीमति प्रवेश सक्सेना, पृष्ठ ६, किताब घर प्रकाशन नयी दिल्ली
२. 'गांधी मार्ग की ओर,' श्रीमान्नारायण, पृष्ठ २०८, गांधी शांति प्रतिष्ठान, नयी दिल्ली १९६९
३. 'भारतीय साहित्य की चिंतन भूमि,' डॉ संताप गिरह, डॉ निम्बिलेण यादव, पृष्ठ २६८ प्रथम संस्करण २०१९ ए.आर. पब्लिशिंग कंपनी , दिल्ली– ११००३२ ISBN 978-93-88130-15-8
४. मस्तिष्क, लेखक श्रीराम शर्मा आचार्य, पृष्ठ ७२, प्रकाशक युग निर्माण योजना विस्तार ट्रस्ट मथुरा, पुनर्वृत्ति सन २०११

Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara.

CS Scanned with CamScanner

B.Aadhar International Multidisciplinary Research Journal
Impact Factor - ((SJIF) -7.675,
Special Issue
ISSN : 2278-9308
March 2020

2019-20

महात्मा गांधी का दृष्टिकोण एवं प्रबन्धकीय कौशल

डॉ. मधुलता व्यास
सहयोगी प्राध्यापक रेवाबेन पटेल कॉलेज, भंडारा

प्रबन्धन को मुख्यत: व्यवसाय, व्यापार, उद्योग का क्षेत्र माना जाता रहा है। परन्तु वर्तमान परिप्रेक्ष्य में देखा जाय तो प्राय: हर क्षेत्र में उसकी आवश्यकता है, चाहे वह कृषि हो या उत्पादन, विज्ञान तकनीक हो या राजनीति, सामाजिक व्यवस्था में प्रबन्धन व्यापक होता जा रहा है।

महात्मा गांधी का प्रबन्धन क्षेत्र स्वयं व्यक्ति के विकास के साथ ग्रामीण और शहरी वातावरण में समन्वय स्थापित करने का रहा है। उनका मानना यही रहा है कि व्यक्ति स्वयं का मालिक और प्रबन्धक है जीवन जीने की कला भी उसके प्रबन्धन का अंग होना चाहिए। गांधीजी के व्यक्तित्व में जो क्षमताएँ है उन्हें शब्दों में बांधना आसान नही है। प्रबन्धकीय नियमों के अतिरिक्त कुछ अन्य विशेषताएँ भी दृष्टिगोचर होती है। प्रबंधन का सामान्य अर्थ, विकास के साथ कार्य को सुचारु रूप से करने वाली प्राविधि है ।

"कौन कहता है की बापू शत्रु थे विज्ञान के
वह तो मनुज से मात्रा बात इतनी कहते थे,
कि रेल मोटर या की पुष्पक यान कुछ भी रचो,
सोच लो पहले कि जाना कहा है" [१]

शिक्षा ज्ञान संपन्न बनाने के साथ कौशल संपन्न बनाने की प्रणाली है।
गांधीजी वेल्यू एजुकेशन यानी मूल्यवान शिक्षा में विश्वास रखते थे।
प्रबंधन प्रक्रिया में नियोजन, संगठन , अभिप्रेरणा तथा नियंत्रण को सम्मिलित किया जाता है।
हॉरल्ड कुन्टज के अनुसार प्रबंधन सम्बन्धी अवधारणा इस प्रकार है —
प्रबंधन औपचारिक रूप से संगठित व्यक्तियों के समूह के साथ उनके द्वारा कार्य करने की कला है । हम इतिहास पर दृष्टिपात करें तो पहले प्राचीन काल में मनुष्यों की आपसी सामाजिक व्यवस्था के लिए आर्थिक व्यवस्था के लिए तथा राजनैतिक व्यवस्था के लिए मनुवादी व्यवस्था थी फिर आज मानवता वादी संवैधानिक तथा प्रजातान्त्रिक रूप विकसित हुआ है।[२]
प्रबंधन का सामान्य रूप से अर्थ एक ऐसा नियमन है जिससे हमारे कार्य की प्राविधि सुचारु रूप से कार्य करती है । यह एक प्रकार की मानसिक व्यवस्था का ही दूसरा रूप है। प्रोफेसर हेमन के अनुसार प्रबंधन में तीन अवधारणाएं होती है
१) प्रबंध अधिकारीयों की अवधारणा— जिसका लक्ष्य लोगों के कार्यों पर नियंत्रण रखना है।
२) प्रबंध विज्ञान— इसके द्वारा व्यावसायिक नियोजन और संगठन होता है।
३) प्रबंध प्रक्रिया— यह वह प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य लोगों के साथ मिलजुल कर कार्य करना और उद्देश्य की पूर्ति करना है ।

आकलन व मूल्यांकन

आकलन व मूल्यांकन दो अलग अलग प्रविधियां है। आकलन में मनुष्य सीखता है और मूल्यांकन में उसे व्यवहार सांचे में जांचता है। गांधी जी ये दोनों भूमिका स्वयं में ही निभाते थे, वे ज्ञान का आकलन करते थे और फिर व्यवहार में उसे परखते थे ।

Coordinator, IQAC
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara.

CS Scanned with CamScanner

कर्मण्येवाधिकारस्ते : गीता के निष्काम कर्मयोग का प्रभाव गांधीजी पर पड़ा उन्होंने जीवन में में के संतुलन को बनाये रखने के लिए गीता शास्त्र का अध्ययन किया, सन धर्भ में जब वे शिक्षार्थी थे तब उन्होंने जिज्ञासु मंडल के नाम से एक छोटा मंडल स्थापित किया, जिसमें सभी नियमित अभ्यास करते थे उन्होंने गीता के श्लोक कंठस्थ किये, धन से लाभ न रखना धन को समाज हित में खर्च करना, ये सीख उन्होंने गीता से ली। गांधीजी कहते है कि "गीता जी के अध्यन के फल स्वरुप "ट्रस्टी" शब्द का अर्थ विशेष रूप से समझ में आया, मुझे दीपक की तरह स्पष्ट दिखाई दिया की अपरिग्रही बनने में ,समभावी होने में हेतु का हृदय का परिवर्तन आवश्यक है।"[3]

कुशल प्रबंधन में आध्यात्मिक चेतना अर्थात आत्मबल : अध्यात्म का अर्थ सीखने की प्रवृत्ति से होता है। विद्या विनयेन शोभते अर्थात विद्या की शोभा विनम्रता से है। आज के युग में किसी भी दृष्टि से आप योग्य बनना चाहते हैं तो आप के पास तीन प्रमाण होने चाहिए, विश्वसनीयता, समर्पण और निरन्तरता। पं. विजय शंकर मेहता ने इस संदर्भ में हनुमान चालीसा की प्रस्तुत चोपाई के बारे में कहा है,

बुद्धिहीन तनु जानिके । सुमरो पवन कुमार
बलबुद्धि विद्या देहु मोहि। हरहु कलेस विकार

"तुलसीदास जी ने हनुमान जी से बल, विद्या और बुद्धि चाही है यहां बल से तात्पर्य पारिवारिक बल से न होकर आत्मबल से है। विद्या ज्ञान है और बुद्धि समयानुसार ज्ञान का प्रयोग, आध्यात्मिक बल, आत्मविश्वास, एकाग्रता, नैतिकता और चरित्रबल प्रदान करता है।"[4]

गांधीजी का मानना था एक सफल व्यक्ति बनने के लिये यह आवश्यक है कि वह स्वंय को आधुनिक तकनीक से जोड़कर रखे और ऐसी परम्पराएं जो पाखंड रुप ले चुकी है उनका खंडन करे। एक कुशल प्रबन्धक में आध्यात्मिक दृष्टिकोण का होना जरूरी है।

नेतृत्व कला का आवश्यक गुण : कथनी करनी में फरक न होना

एक सफल प्रबन्धक के लिये नेतृत्व क्षमता एक अनिवार्य शर्त होती है। एक सफल प्रबन्धक को अपने अधीन कर्मचारियों के साथ बराबरी का व्यवहार करना चाहिए। जिससे वह उन्हे विश्वास के साथ अभिप्रेरित कर सके। समयावधि में अपने आश्वासनों को पूर्ण करना कुशल नेतृत्व का गुण है।

"प्रबंधक को अपने क्रियाकलापों द्वारा ऐसा आदर्श स्थापित करना चाहिए जिसके द्वारा नैतिक मूल्यों की स्थापना हो सके। गांधीजी ने इस दृष्टि से जो कार्य किये वे अपने आप में अनूठे है। उन्होंने हमेशा नैतिक मूल्यों की स्थापना पर बल दिया। वे कहते थे चाहे राजनैतिक क्षेत्र हो या सामाजिक या आर्थिक किसी भी क्षेत्र में नैतिक मूल्यों को नहीं छोड़ना चाहिए। "[5]

किसी भी प्रबन्धक के लिये यह आवश्यक है कि वह जो भी लक्ष्य निर्धारित करना चाहते है उसे स्पष्ट करे, आवश्यक जानकारी प्राप्त करें उसे परिमार्जित करें।

गांधीजी ने अपने आन्दोलनों का गतिमान किया वे निर्धारित लक्ष्यों की ओर बढ़ जनमानस के बीच उनकी विचारयुक्ति प्रभावशाली होती गयी।

चरित्र निर्माण की क्षमता

गांधीजी मानते थे कि चरित्र निर्माण की पहली शर्त आत्मविश्वास है, शिक्षा का उद्देश्य चरित्र निर्माण होना चाहिए। उसके बिना रचनात्मक कार्य व्यर्थ है।

Coordinator
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara

CS Scanned with CamScanner

"मै मानता हू और मरा अनक बार का अनुभव है व्यक्ति कितना भी याग्य बन गया हो उसके गुप्त अनीति पूर्ण कृत्य का असर उसके काम पर पड़ता है। याग्यता क अभाव क बावजूद जिसका चरित्र पूर्णत: दोशरहित है उसका काम सफल हुआ है।"[१]

अनुषासन :

अनुषासन मैनेजमेंट की चाभी (जमल) है। कोई भी व्यक्ति अनुषासित हुए बिना सफलता अर्जित नहीं कर सकता। गांधीजी का मानना था कि अनुषासन शारीरिक और मानसिक दो प्रकार का होता है। इस संदर्भ में उनके विचार है।

१. अनुषासन कार्य के प्रति अनुराग से उत्पन्न होता है।
२. अनुशासन मात्र कार्यालया क लिए नहीं, बल्कि हर क्षेत्र के लिए है।
३. जब तक हम अनुषासित नहीं होंगे, हमे दुसरो को अनुषासन मे रखने का अधिकार नहीं।

प्रबन्धक के लिये अनेक गुणों की आवश्यकता होती है जैसे –

१. कार्यक्षेत्र संस्कृति का ज्ञान
२. कर्तव्य के प्रति जागरूकता
३. सकारात्मक दृश्टिकोण
४. सार्वजनिक जीवन मे पारदर्शिता
५. स्वास्थ्य के प्रति सजगता
६. अपनी गलतियो को स्वीकारना
७. काम को व्यवस्थित तरीके से करना
८. कर्म हमारा कर्तव्य है

सफल प्रबन्धक का कौशल गांधी के सिद्धान्तों पर चलकर निखर सकता है।

कार्यक्षेत्र और संस्कृति का ज्ञान

किसी भी आदमी को अपने उद्योग और व्यवसाय को विस्तार देने के लिये सबसे पहले बाजार की सही स्थितियों को जानना आवश्यक है। इस बारे में हमें गांधी के जीवन और विचारों से महत्त्वपूर्ण दिशा मिलती है। जब गांधीजी १९०१ में भारत आये तो उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस अधिवेशन में भाग लिया और कहा कि, मैं सार्वजनिक जीवन में आने के पहले एक बार पूरे भारत की यात्रा करूंगा। उनका यह दृश्टिकोण यह बताता है कि कोई भी नया मिशन शुरू करने के पहले चाहे वो उद्योग से संबंधित हो या जीवन के किसी भी अन्य पक्ष से, हमें उसकी तह में जाकर बारीकी से उसे पूरी तरह समझ लेना चाहिए। जब तक हम उसकी मूल प्रकृति को नहीं समझेंगे तब तक सही दिशा प्राप्त नहीं हो सकती।

"सफलता का मतलब सिर्फ सफल होना नहीं है, बल्कि सफलता का अर्थ है अपने असली मकसद को पाना, इसका मतलब है पूरा युद्ध जीतना न कि छोटी–मोटी "लड़ाईयां जीतना" जहां तक संस्कृति का प्रश्न है, उद्योगपति या व्यवसायी को वहां की संस्कृति और पहनावे के प्रति ध्यान रखना आवश्यक है जहां उसे अपना व्यवसाय स्थापित करना चाहता है।

गांधीजी का कहना था कि मेरा पहनावा भी उस देश के लोगों जैसा होना चाहिए, उनका यह दृश्टिकोण इस बात का परिचायक है कि सार्वजनिक जीवन में आपका व्यक्तित्व और पहनावा भी आपकी जीवनशैली और आपके दृश्टिकोण को प्रदर्शित करनेवाली महत्त्वपूर्ण बिन्दू है।"[२]

Coordinator
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara.

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara.

CS Scanned with CamScanner

सकारात्मक दृष्टिकोण :

हमारी जीवन दृष्टि हमारी सोच और कार्यों का विष्कासित रूप है। हमारी जीवन दृष्टि जिस प्रकार की होगी हमारी सोच भी उसी प्रकार की होगी। गांधीजी ने अपना नजरिया हर समय, हर स्थिति में सकारात्मक रखा। उनका कहना था कि, विचार के मूल में सकारात्मकता होनी चाहिए। परिणाम चाहे जो भी निकले, यदि ईश्वर हमारे पक्ष में परिणाम नहीं देना चाहता उसमें हमारी कुछ भलाई ही होगी, परिणाम को अपने पक्ष में करने के लिये व योजना बद्ध तरीके से पूर्ण शक्ति के साथ कार्य करते थे। साथ ही साथ इस बात के लिये तैयार रहते थे कि असफल होने पर में भी कुछ सकारात्मक ढुंढने की कोशिश करेंगे। इसीलिये उन्होंने अपनी पुस्तक "माय एक्सपेरिमेंट विथ ट्रुथ" में लिखते है, "मैंने अपने अनुभवों से बहुत बार देखा है कि हमने चाहा कुछ और हुआ कुछ ओर ही, पर साथ-साथ मैंने यह अनुभव किया कि जहां सत्य की ही साधना और उपासना है वहा सोचा-चाहा परिणाम भले ही न हुआ हो पर जो अनसोचा परिणाम होता है, वह भी अनिश्ट नहीं होता और कितनी बार तो सोचे हुए परिणाम से अच्छा होता है।"

गांधीजी ने अपनी नीतियों द्वारा केवल सार्वजनिक जीवन पारदर्षिता पर ही बल नहीं दिया, बल्कि आय और व्यय के बीच एक श्रेश्ठ संतुलन पर भी बल दिया, उनका कहना था कि अपने व्यक्तित्व और कार्य करने की पद्धति को पारदर्षी बनाये।

काम को व्यवस्थित तरीके से करना :

गांधीजी के पास काम को व्यवस्थित तरीके से करने की जो कला थी वह बीसवी सदी के कुषल राजनेता और चिन्तक ही नहीं अपितु एक कुषल प्रबन्धक के रूप में मान्यता दिलवाती है। व्यापार क्षेत्र में आज भी प्रत्येक कर्मचारी जो अपने संगठन के उद्देष्य से जुड़ा रहता है। उसे अपनी वाणी और विचारों पर अंकुष रखना पड़ेगा, कार्य को व्यवस्थित रूप से कर अपने उद्देष्य का पालित करना ही कुषल प्रबन्ध है।

सफल प्रबन्धक का कौशल्य ज्ञान गांधीजी के पथ पर चलकर अधिक व्यवहारिक सिद्ध हो सकता है ।

संदर्भ

१. शताब्दी के निबंध, पृष्ठ संख्या तिरेह संपादक डा मुकुंद द्विवेदी प्रकाशन वर्ष २००८ हिंदी अकादमी दिल्ली किशनगंज
2- www.businessmanagementideas.com
३. सत्य के प्रयोग – लेखक मोहनदास करमचंद गाँधी पृष्ठ संख्या ह्यx४ अनुवादक काशीनाथ त्रिवेदी हिंदी अकादमी दिल्ली ११०००७
४. जीवन प्रबन्धन, प. विजय शंकर मेहता, राधा कृष्ण प्रकाशन दिल्ली, प्रथम सस्करण, २००५ ISBN ९७८-८१-२८८-८३६१-४१-८,
५. गांधी और मॅनजमेंट, प्रवीण शुक्ल, खंड ६७, ISBN ९७८-८१-२८८-२४६९-२, प्रथम सस्करण, प्रकाशक डायमंड पॉकेट बुक्स, दिल्ली, २०११, पृ. ४३
६. गांधी और मॅनजमेंट, प्रवीण शुक्ल, खंड ६७ ISBN ९७८-८१-२८८-२४६९-२, प्रथम संस्करण, प्रकाशक डायमंड पॉकेट बुक्स, दिल्ली, २०११, पृ. ३७
७. गांधी और मॅनजमेंट, प्रवीण शुक्ल, खंड ६७ ISBN ९७८-८१-२८८-२४६९-२, प्रथम संस्करण, प्रकाशक डायमंड पॉकेट बुक्स, दिल्ली, २०११, पृ. ४४

Coordinator
Smt. Rewaben ... Patel
Mahila Kala ... Vidyalaya,
Bhandara

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara.

Scanned with CamScanner

आत्मावलोकन : विकास की पहली प्रक्रिया

डॉ. मधुलता व्यास
सहयोगी प्राध्यापक, रेवाबेन पटेल कॉलेज, भंडारा

मील के पत्थर लगे है, किन्तु अक्षर मिट गये
कौन से पूछें कि अपना गांव कितनी दूर है
भोर होते ही चले थे, अब दुपहरी हो गयी
कौन से पूछें कि शीतल छाँव कितनी दूर है
धूल मस्तक से लगा मिलती दिशा गंतव्य की
कौन से पूछें कि पावन गांव कितना दूर है

दूसरों को पहचानने से पहले स्वंय को जानना जरूरी है, पर स्वंय को जानना एक ऐसी डगर है, और पहली है। जिसका उत्तर स्वंय के पास नहीं है। पर आत्मविश्लेषण तो किया जा सकता है।

उपरोक्त काव्य की पंक्तियां यही संदेश दे रही है, मील दर्शानिवाला पत्थर ही नहीं है, वहां से मंजिल कितनी दूर है बस चल–चला चल, जीवन की डगर में छूप छांव की चिन्ता छोड़ बस हिम्मत कर धूल मस्तक से लगाकर बढ़ चल गंतव्य और स्वंय पर विश्वास ही आत्मविश्वास की प्रेरणा प्रदान करता है। स्वंय को परीक्षण के लिये तैयार करना, जब स्वंय को जान जायेंगे तो दूसरों को समझना भी सरल हो जायेगा।
स्वंय को जानने के लिये क्या किया जाय, यह आत्मावलोकन कहा जा सकता है। इसके लिये कुछ बातों पर ध्यान देना आवश्यक है।

प्रबन्धन Management में SWOT Analysis होती है –

S	-	Strenght
W	-	Weakness
O	-	Opportunity
T	-	Threats

Strength - शक्ति अर्थात आपकी शक्ति क्या है अपनी शक्तियों को पहचानना, आप क्या हो, क्या करना चाहते हो, क्या किया है, अपने आप को पहचानना भी जरूरी है।

Weakness – कमजोरी अपनी शक्ति के साथ–साथ अपनी कमजोरियों का मूल्यांकन भी करना आवश्यक है। आप किस क्षेत्र में पीछे हो आपकी मानसिक सोच, और व्यवहार में क्या कमी है। अवसर को पहचानना अवसर का लाभ उठाना, अवसर हाथ से न निकलना चाहिए –

ऐसा न हो
आछे दिन पाछे गये, प्रभु से किया न हेत
अबे पछतावे होत क्या, जब चिड़िया चुग गयी खेत

पछतावे का दुःख न हो जीवन में, हार जीत तो लगी रहती है, अगर अवसर मिलता हे तो उसके लिये प्रयत्नशील रहना ही सबसे बड़ा कार्य है।

Threats -
सीमाऐं अपनी सीमाओं का मूल्यांकन बाधाएं उसको पहचानना भी आवश्यक है, खुद की शक्तियों को देखकर और सामने आनेवाली बाधाओं को पहचानकर आगे बढ़ना चाहिए, अवसर बाधाओं के साथ आते है।
आत्मावलोकन में उपरोक्त के साथ निम्न बाते भी ध्यान में रखने योग्य है जिससे जिस क्षेत्र में आप प्रवेश करें उसके प्रत्येक पहलुओं पर आप की दृष्टि हो। प्रतिष्ठा
स्वंय को पहचानला Know Your Self अक्सर हम स्वंय का मूल्यांकन नहीं कर पाते हमारी शक्ति क्या है, हम में आत्मविश्वास की कमी आदि अनेक कारणों से होती है। हम अपने अंदर छिपी किसी प्रतिमा को नहीं पहचान पाते, हर व्यक्ति में कुछ न कुछ प्रतिमा जरूर हो सकती है।

Coordinator
Smt. Rewaben Mahila Kala
Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara.

Scanned with CamScanner

B.Aadhar' International Multidisciplinary Research Journal
Impact Factor - ((SJIF) -7.675,
Special Issue
ISSN : 2278-9308
February 2020

हनुमान जी को अपनी विशाल शक्ति का ज्ञान नहीं था। जब जामवंतजी ने उनकी शशशक्तियों से उनका परिचय कराया जो उनके अद्भुत शक्ति आ गयी।

कस्तूरी कुंडल बसे, मृग ढूढें वनमाही
घट–घट राम है दुनिया देखे नाही

जिस प्रकार हिरण के कुंडल में कस्तूरी है वह उसकी सुगंध पाने के लिये दर–दर भटकता है। वैसे ही मनुष्य के अन्दर ही भगवान है, वह उन्हे बाहर खोजता है।
कहने का तात्पर्य हमारे अन्दर की प्रतिमा हम स्वंय पहचाने या जो लोग पहचानते है, उनके माध्यम से उसे परिमार्जित करें।

आत्मप्रतिष्ठा Self Respect :
आत्मप्रतिष्ठा व्यक्ति के चरित्र का आवरण है प्रतिष्ठा अर्जित की जाती है कमाई नहीं जा सकती, यह आपके व्यवहार, बोलचाल, सामाजिक दायरा आदि से आप स्वंय का अवलोकन कर सकते है। बाहरी और परिवार के लोक आपसे किस प्रकार व्यवहार करते है, हम दूसरों को कितना सम्मान देते हैं। जैसा हम देंगे वैसा ही हमारे साथ व्यवहार होगा, आत्मसम्मान प्रतिष्ठा की तरह होता है। Give and Take जैसा दोगे वैसा पाओंगे पर यह भी हर मामले में सही नहीं बैठता हर तरह के लोग रहते है, आप उनका मूल्यांकन कर अपने व्यवहार में उसी प्रकार का परिवर्तन ला सकते है।

प्रतिकार की शक्ति :
प्रतिकार से तात्पर्य बदले की भावना नहीं है लहरों के साथ बह जाना या तैरना बहुत आसान होता है। हिम्मत लगती है लहरों के विपरीत तैरने में, जो गलत है उसकी प्रतिकार करने की शक्ति आवश्यक है।
संघर्ष करना वहां आवश्यक है, आपके प्रतिकार का प्रभाव सकारात्मक है या नकारात्मक इसका निर्णय तो समय करता है।
कुंवरबैचनजी की कविता की पंक्ति याद आ रही है प्रेरणादायी है।

गमों की आंच पर आँसू उबाल कर देखो मिलेंगे रंग कई तुम उछाल कर देखो
वो जिसमें लौ है अंधरो में और दमकेगा किसी दीये पर
अंधेरा उछलकर देखो समय सूचकता : नदी रूकती नहीं लाख चाहे
हथकडियाँ पहना दो ओढ़कर शैवाल वह बहती रहेगी

समय सूचकता अर्थात सब कार्य समय पर हो चाहे वह हमारा कार्यक्षेत्र हो। बाहरी कार्य हो समय का ध्यान हमारे आत्मावलोकन की आत्मा है। सही काम सही समय पर होना अनिवार्य समय आगे निकल गया तो आप पीछे रह जाओंगे।

सोच एवं परिधान :
सोच एवं परिधान यह एक नितांत व्यक्तिगत मामला है, समय परंपरा, रीतिरिवाज यह हमारे व्यक्तित्व का परिचायक है, सामाजिक प्रतिपठा का प्रतीक है, वेषभूशा का चयन जीवन में विशेष प्रकार का स्थान रखता है। सादा जीवन, उच्च विचार।

विश्वसनीयता :
कोई आपकी बातों पर आँख बंदकर विश्वास करे, यह आपकी योग्यता का माप दंड है, यही हमें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करता है, विश्वास चरित्र का हिस्सा है। विश्वास जीत लिया तो समझो जग जीत लिया विश्वास खो दिया चरित्र खो दिया।

आत्मावलोकन, आत्मनिरीक्षण यह एक सतत प्रक्रिया है। जो जीवन के हर मोड़ पर हमारी परीक्षा लेती है। आत्मचिंतन, आत्मावलोकन की पहली प्रक्रिया है।

Coordinator
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara.

CS Scanned with CamScanner

2/25/23, 11:21 AM Gandhiji_aur_Swavlamban-Pg152-155_2019_2020_IF_6.62.pdf

2019-2020

'RESEARCH JOURNEY' International Multidisciplinary E- Research Journal
Impact Factor - (SJIF) - 6.625 (2019)
Special Issue 245
Peer Reviewed-Referred & Indexed Journal
E-ISSN : 2348-7143
February 2020

गांधीजी और स्वावलंबन

डॉ. मधुलता व्यास
सहयोगी प्राध्यापक
रेवाबेन पटेल कॉलेज, भंडारा
मो.नं. ९८२२२०४९११
E-Mail : madhuvyasngp@gmail.com

स्वावलंबन का अगर कोई उदाहरण सामने है तो वह गांधी के आदर्श, समय की पाबंदी समय का सदुपयोग, समय और परिस्थिति की समझ, चरित्र निर्माण की क्षमता, विचार के विस्तार की क्षमता, कर्तव्य के प्रति जागरूकता, श्रम की स्थापना, सकारात्मक दृष्टिकोण, कार्यों को व्यवस्थित तरीके से करना व दूसरों को प्रेरित करना, लक्ष्य बनाना और हासिल करना, निर्णय लेने की क्षमता, उपलब्ध साधनों का श्रेष्ठतम प्रयोग विषम परिस्थितियों में संतुलन, स्वास्थ्य के प्रति सजगता, आदि अनेक बाते हैं जिनका अनुसरण कर मनुष्य स्वावलंबी बन सकता है जरूरत इच्छा शक्ति थी।

शिक्षा के संदर्भ में उनका विश्लेषण है :

जिस शिक्षा से राष्ट्र को लाभ हो और न व्यक्ति को उसका खर्चा भरना अपराध है मेरी राय में व्यक्तिगत लाभ की कोई चीज नहीं होती है। जो राष्ट्र के लिये लाभदायक सिद्ध की जा सके, वर्तमान में उच्चस्तर शिक्षा का, उच्चस्तर शिक्षा का ही क्यों प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा का वास्तविकता से कोई सम्बन्ध नहीं है। अगर बात ऐसी है तो स्पष्ट है, शिक्षा राज्य के लायक भी नहीं। १

शिक्षा का उद्देश्य सर्वांगीण विकास है जो आर्थिक, मानसिक, शारीरिक, सामाजिक सभी उद्देश्यों की पूर्ति करता है, स्वावलंबनकी और यह प्रथम कदम सिद्ध होगा।

शिक्षा, बहुआयामी होती है बौद्धिक विकास के साथ शारिरीक और मानसिक विकास में शिक्षा का योगदान सर्वपरि है। शिक्षा किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है।

गांधीजीने विशेषकर ग्रामीण शिक्षा पर विशेष जोर दिया, कुटीर उद्योगों को बढ़ावा, कृषि को वैज्ञानिक पद्धति से उपजाना, पशुपालन के रोजगार आदि अनेक ज्ञानवर्धक बाते है। जिन्हें अपनाकर शिक्षा को रोजगारन्मुख बनाना है। अत: सामान्य शिक्षा के साथ–साथ व्यावसायिक शिक्षा को भी प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है।

शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जो रोजी रोटी कमाना नही जीने का तरीका भी सिखायें

आमजन के साथ सामंजस्य :

एक दूसरे के साथ मिलकर चलना अर्थात आपसी तालमेल बहुत जरूरी है। जीवन का कोई भी क्षेत्र हो, व्यक्ति एक दूसरे का सहयोग चाहता हैं, दूसरों की बातों को ध्यानपूर्वक सुनना, अपनी बातों को सहज रूप से उन तक पहुंचाना, और आपसी सहयोग से क्रियान्वित करना ही सामंजस्य है। स्वयं का मूल्यांकन करना और दूसरों के अनुभवों का लाभ उठाना और उन्हें भी वलाभान्वित करना।

गांधीजीने देश की जनता और नेताओंके साथ सामंजस्य बनाये रखा और एक मत से आजादी के प्रति समर्पित हुए।

व्यक्ति तभी अपने पैरों पर खड़ा हो सकता है। जब वह आमजन के साथ सामंजस्य बनाए रखता है। व्यक्ति समाज का अंग है। स्वयं को पहचानने के लिये मनुष्य को तटस्थ बनकर अपने बाहर निकलकर स्वयं को देखना

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara

Scanned with CamScanner

'RESEARCH JOURNEY' International Multidisciplinary E- Research Journal
Impact Factor - (SJIF) - 6.625 (2019)
Special Issue 245
Peer Reviewed-Referred & Indexed Journal
E-ISSN : 2348-7143
February 2020

है, जैसे हमारी पीठ दूसरा आदमी देखता है। हम नही, ऐसे ही हमारे दोष भी हम नहीं देखते है। मनुष्य जब एक नियम तोड़ता है तो दूसरे नियम अपने आप टूट जाते है।[2]

समय की पहचान स्वावलंबन की सीढ़ी है :

सही समय पर गलत निर्णय और गलत समय पर सही निर्णय दोनों ही नुकसान दायक है। समय के साथ चलना ही समय की आवश्यकता है, बाण से निकला हुआ तीर और बीता हुआ समय लौटकर नहीं आता समय की पहचान और समय की पाबंदी स्वावलंबन की दिशा तय करती है। गांधीजी समय के पावन्द थे, किसी से मिलना हो या आयोजन हो, वे समय पहुँचते थे । समय अनुशासन सिखाता हूँ, जीवन में सफल होना है तो समय को पहचानो, कल कभी नही आती –

"काल करे सो आज कर
आज करे सो अब
पल में प्रलय होयगी
और करेंगो कब"

आज का काम आज करो, समय का चक्र तेजी से घूमता है।

अगर समय हाथ से निकल गया तो लौटकर नहीं आता तो है। या "इंतजार करनेवालों को चीजे मिलती तो है। लेकिन सिर्फ वही मिलती है जो संघर्ष करने वाले छोड़ देते है।"

विनम्रता :

ऐसा कहा जाता है कि विनम्र व्यक्ति की वाणी में सरस्वती निवास करती है वाणी का अभ्रतता व्यक्ति चरित्र को धूमिल कर देती है।

ऐसी वाणी बोलिये मन का आपा खोय औरन को शीतल करे, आप हु शीतल होय शीतलवाणी कठोर से कठोर व्यक्ति को पिघला देती है, मनुष्य तो क्या पशु भी वाणी को पहचानते है, और नतमस्तक हो जाते है।

जिसका अपनी जुबान पर नियंत्रण उसका स्वयं पर भी नियंत्रण नहीं होता।

रहीमदासजी ने कहा है–

रहीमन जिव्हा बावरी, करत आकाश पाताल
आप तो कह भीतर घंसी जूते खाये कपाल

अर्थात व्यक्ति की जीभ, बत्तीस
दातों के बीच सुरक्षित तो रहती है जब यही
जीभ कटु बोलने पर उतर आती है
सर पर जूते खाने की स्थिति आ जाती,

अत: शब्दों को तौल–मौल कर बोला जाना चाहिए। विनम्रता व्यक्ति का आभूषण है।

इसी विनम्रता ने बापू को लोगों का चहेता बना दिया था।

गांधीजी को मानना था कि सफल होने के लिये दूसरों के प्रति समर्पित एवं विनम्र भी होगा उन्होंने अपने विरोधियों के प्रति अपने मन में कभी घृणा का भाव नही रखा। उनका मानना था कि किसी व्यक्ति को जब अधिक उपलब्धियाँ प्राप्त होने लोग लगे तो उसे और भी विनम्र हो जाना चाहिए, इसीलिये कहां।

"व्यवहार में हमे आम के पेड़ जैसा होना चाहिए, जो फल आने पर झुक जाता है उसकी सार्थकता विनम्रता ही उसकी शोभा है।"[3]

Coordinator IQAC
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay
Bhandara

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara.

https://f6mail.rediff.com/ajaxprism/doc2html?actualname=Gandhiji_aur_Swavlamban-Pg152-155_2019_2020_IF_6.62.pdf&file_name=1644...

Scanned with CamScanner

2/25/23, 11:22 AM Gandhiji_aur_Swavlamban-Pg152-155_2019_2020_IF_6.62.pdf

'RESEARCH JOURNEY' International Multidisciplinary E- Research Journal
Impact Factor - (SJIF) - 6.625 (2019)
Special Issue 245
Peer Reviewed-Referred & Indexed Journal
E-ISSN : 2348-7143
February 2020

वचन बद्धता "कमिटमेंट" :

कमिटमेंट चरित्र से आता है और विश्वास को बढ़ाता है। अर्थात हमारी कथनी और करनी में अंतर नहीं होना चाहिए।

इस संदर्भ में मुझे रघुकुल की रीत याद आ रही है, रघुकुल की रीत वचन बद्धता की रही है।

रघुकुल रीत सदा चली आयी
प्राण जाये पर वचन न जाई

दशरथजी ने वचन निभाया राम ने वचन निभाया। शब्दो की कीमत कुछ लोग अपनी जान से भी बढ़कर मानते है। वचन निभाना पत्थर की लकीर है।

वचन विश्वास का आकार है कोई अगर अपने कहे हुए शब्दों से भटक जाता है। उसकी न समाज में इज्जत होती है, न परिवार में व्यक्ति दूसरों से नही अपने आपको वचन बद्धता की सीमा में बांध सकता है। खुद से खुद के लिये लिया वचन, और उसको निभाना व्यक्ति में अतिरिक्त उर्जा और विश्वास उत्पन्न करता है।

व्यापार हो, नौकरी हो, या कोई अन्य क्षेत्र हो 'कमिटमैंट' बहुत अधिक महत्त्व रखती है। लोक कहते कि आदमी जुबान का पक्का है । अर्थात जो कह दिया उस पर अमल करना उसके जीवन का उद्देश्य और लक्ष्य बन जाता है।

गांधीजी ने वचन बद्धता के सिद्धान्त पर चले, इनके शब्दों पर विश्वास ही था जो लाखो लोग देश की आजादी के लिये उनके साथ जुड़े।

"छोटों के साथ नरमी, बड़ों के साथ करूणा, संघर्ष करनेवालों के साथ हमदर्दी से और कमजोर और गलती करनेवालों के साथ सहनशीलता से पेश आने की प्रतीज्ञा करें, क्योंकि हम अपने जीवन में कभी न कभी इनमें से किसी न किसी स्थिति में गुजरते है।"[4]

सत्य के प्रति समर्पण सत्य की "शोध के मूल में ऐसी अहिंसा है, मैं प्रतिक्षण यह अनुभव करता रहता है। जब तक यह अहिंसा हाथ में नहीं आती तब तक सत्य नहीं मिल सकता व्यवस्था या पद्धति के विरूद्ध झगड़ना शोभा देता है, पर व्यवस्था व्यवस्थापक से झगड़ा करना तो अपने विरूद्ध झगड़ा करने के समान है। क्योंकि हम सब एक कूची से रंगे गये है और एक ही ब्रह्मा की संतान है।"[5]

अनुशासन :

अनुशासन, जीवन का एक पाठ है स्वयं को स्वयं के साथ जोड़ना अनुशासन की एक प्रक्रिया है। समय की पावंदी अनुशासन का एक अंग जरूर है। अपने कर्तव्यों और दायित्वों का निर्वाह भली प्रकार करना, स्वयं का अनुशासन आपके अधीन कार्य करनेवालों को भी अनुशासित करेगा।

"अनुशासन का पालन तभी संभव है जब मनुष्य का उस काम में अनुराग हो उसके बिना तो अनुशासन अनुकरण मात्र होगा। बाहरी दुनिया की भांति अपने मन और शरीर को भी अनुशासन में रखना होगा। जब कोई व्यक्ति स्वयं अनुशासन के नियम पालन में नहीं बंध जाता। तब तक उसे दूसरे से वैसा करने की आशा नहीं करनी चाहिए।"[6]

स्वावलंबन के विषय में गांधीजीने कहा है –

मेरा तुच्छ काम लोगों को यह सिखाता है कि वे अपनी कठिनाईयों को स्वयं कैसे हलकर सकते है। देश के हर बालक को पहले स्वावलंबी बनने का पाठ पढ़ाना चाहिए। हमें यह गुण पाश्चात्य देशवासियों से सीखना चाहिए।

Coordinator
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara
Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara.

CS Scanned with CamScanner

'RESEARCH JOURNEY' International Multidisciplinary E- Research Journal
Impact Factor - (SJIF) - 6.625 (2019)
Special Issue 245
Peer Reviewed-Referred & Indexed Journal
E-ISSN : 2348-7143
February 2020

३. स्वावलंबन व्यक्ति के लिये उतना ही वांछनीय है जितना समाज और राष्ट्र के लिये "इतिहास में महात्मा गांधी का नाम उसी श्रद्धा के साथ लिया जायेगा जैसे ईसा और बुद्ध का लिया जाता है।"[3]

शिवखेडा :

स्वावलंबन के लिये आशावादी होना जरूरी असफलता सफलता की सीढ़ी होती है। निराशावादी व्यक्ति अपनी कमजोरियों को देखता है। आशावादी कमजोरियों से सीखता है।

"इतने मजबूत बनिये कि आपके मन की शान्ति को कोई भंग न कर सके, हर चीज के केवल उजले पहलू देखें अच्छे से अच्छे नतीजो के लिये काम करे और केवल अच्छे नतीजो की उम्मीद करें बीते दिनों की गलतियों को भूल जायें और आने वाले दिनों में बड़ी कामयाबी हासिल करने के लिये आगे बढ़ें। अपने को बेहतर बनाने के लिये इतना वक्त लगायें कि दूसरों की आलोचना करने के लिये हमारे पास वक्त ही न बचे। इतने बड़े बने कि चिंता छू न सके और इतने अच्छे बने कि गुस्सा आये ही नहीं।"[4]

संदर्भसूची

१. प्रवीण शुक्ल, गांधी और मॅनेजमेंट, **सम्पूर्ण गांधी वाड्मय,** खंड ६७, ISBN ९७८–८१–२८८–२४६९–२, प्रथम संस्करण, प्रकाशक डायमंड पॉकेट बुक्स, दिल्ली, २०११, पृ.२९, २३९

२. प्रवीण शुक्ल, गांधी और मॅनेजमेंट, **सम्पूर्ण गांधी वाड्मय,** खंड ६७, ISBN ९७८–८१–२८८–२४६९–२, प्रथम संस्करण, प्रकाशक डायमंड पॉकेट बुक्स, दिल्ली, २०११, पृ.३४

३. प्रवीण शुक्ल, गांधी और मॅनेजमेंट, **सम्पूर्ण गांधी वाड्मय,** खंड ६७, ISBN ९७८–८१–२८८–२४६९–२, प्रथम संस्करण, प्रकाशक डायमंड पॉकेट बुक्स, दिल्ली, २०११, पृ.४४

४. प्रवीण शुक्ल, गांधी और मॅनेजमेंट, **सम्पूर्ण गांधी वाड्मय,** खंड ६७, ISBN ९७८–८१–२८८–२४६९–२, प्रथम संस्करण, प्रकाशक डायमंड पॉकेट बुक्स, दिल्ली, २०११, पृ.४५

५. सत्य के प्रयोग अथवा आत्मकथा मोहनदास करमचंद गांधी, अनुवादक काशीनाथ त्रिवेदी, हिन्दी अकादमी पहला संस्करण, दिल्ली, पृ. २३३

६. प्रवीण शुक्ल, गांधी और मॅनेजमेंट, **सम्पूर्ण गांधी वाड्मय,** खंड ६७, ISBN ९७८–८१–२८८–२४६९–२, प्रथम संस्करण, प्रकाशक डायमंड पॉकेट बुक्स, दिल्ली, २०११, पृ. ४९

७. प्रवीण शुक्ल, गांधी और मॅनेजमेंट, **सम्पूर्ण गांधी वाड्मय,** खंड ६७, ISBN ९७८–८१–२८८–२४६९–२, प्रथम संस्करण, प्रकाशक डायमंड पॉकेट बुक्स, दिल्ली, २०११, पृ. ६५

८. शिवखेडा, जीत आपकी, प्रकाशक Bloom Sbury Publishing India Pvt. Ltd., ISBN-978-93-82951-84-1] पृ.२०

Coordinator, IQAC
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalaya,
Bhandara

Officiating Principal
Smt. Rewaben Manoharbhai Patel
Mahila Kala Mahavidyalay,
Bhandara.

https://f6mail.rediff.com/ajaxprism/doc2html?actualname=Gandhiji_aur_Swavlamban-Pg152-155...

Scanned with CamScanner

Mithak_Alochna_k_Naye_Aayam_2019_2020_IF_5.22.pdf

International Journal of Hindi Research

International Journal of Hindi Research
ISSN: 2455-2232; Impact Factor: RJIF 5.22
Received: 23-04-2020; Accepted: 25-04-2020; Published: 06-05-2020
www.hindijournal.com
Volume 6; Issue 3; 2020; Page No. 03-04

मिथकीय आलोचना के विविध आयाम

डॉ. मधुलता व्यास
सहयोगी प्राध्यापक, रेवाबेन पटेल कॉलेज, भंडारा, महाराष्ट्र, भारत

प्रस्तावना

मिथक शब्द की आलोचना से पूर्व हमें आलोचना को समझना आवश्यक है। आलोचना, समालोचना, अंग्रेजी के "क्रिटिसिज्य, 'रिव्यू ओपिनियन" आदि शब्दों के सिवा संस्कृत की टीका व्याख्या आदि अर्थो में इसका व्यवहार होते देखा गया है। साधारणतः समालोचक का कर्तव्य यह समझा जाता रहा है कि वह कवि और काव्य के दोष एवं गुणों की परीक्षा करे, उत्कर्ष अपकर्ष का निर्णय बताये और उपदेयता या अनुपदेयता के सम्बन्ध में परामर्श दे, पर आलोचक सनातन काल से निम्न लिखित बातों में से एक दो, या तीन कार्य करते आये हैं, विश्लेषण व्याख्या और उत्कर्षापकर्ष विधान।[1]

कुछ नये पंडितों का मत है कि समालोचना में उत्कर्ष या अपकर्ष का निर्णय नही होना चाहिए। वनस्पति शास्त्री बबूल और गुलाब के सौदर्य या गुणों की मात्रा पर विचार नही करता वह केवल उनकी जाति का भेद बताता है। इसी प्रकार आलोचक को भी आलोच्य ग्रंथकार की जाति का निर्णय करना चाहिए। गुण और दोष की मात्रा का नही।[2]

मिथक की व्याख्या एवं परिभाषा अनेक देश–विदेश के विद्वानों ने अपने–अपने तरीके से की है, कोई साहित्य, कोई धर्म संस्कृति, लोककथा विज्ञान से जोड़ता है, तो कई विद्वान इसे ऐतिहासिकता, दैविक भावना आदि से संबधित मानते है, इस प्रकार कहा जा सकता है कि मिथक को एक परिभाषा मे बांधना जटिल कार्य है। मिथकीय आलोचना और व्याख्या का क्षेत्र अत्यन्त व्यापक हो गया है।

मिथक की व्याख्या विद्वानों के अनुसार

"एनसाईक्लोपीडिया ऑफ सोशल साईसिज" में मिथक को लोकसाहित्य के समान जातिगत इच्छा और विचारों का स्पष्ट माध्यम माना गया है। लोकसाहित्य और मिथक का मूलभूत अंतर यह है कि मिथक अलौकिक संसार की कथा है। दोनों में औपन्यासिक कथा उपस्थित रहती है। इस धारणा से दो तत्त्व स्पष्ट होते हैं। इसमें कथा तत्त्व की उपस्थिति उसका धार्मिक परिवेश और उसकी अलौकिक संसार से सम्बद्धता है।

